● वर्ष : 17 ● अंक : 106 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित मंगलवार 3 फरवरी 2026 लोकतंत्र का स्तंभ


# मैं आपका सलाहकार नहीं हूं, आप उसी मुद्दे पर बात करें जिस पर चर्चा हो रही हैः स्पीकर

## राहुल गांधी के डोकलाम में चीनी सेना के टैंक होने का उल्लेख करते ही सदन में हंगामा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हो रही चर्चा के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जब पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे का जिक्र करते हुए डोकलाम में चीनी सेना के टैंक की उपस्थिति का उल्लेख किया तो सदन में हंगामा मच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल के बयान पर आपत्ति जताई। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष इसका उल्लेख नहीं कर सकते हैं। सदन में इस पर हंगामा चलता रहा। स्पीकर ने कई बार राहुल गांधी को नियम 349 का हवाला देते हुए जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब का हवाला नहीं देने की हिदायत दी लेकिन राहुल गांधी बार-बार उसका जिक्र करते रहे। इस दौरान बवाल इतना बढ़ा कि राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला से कहा कि तो फिर आप ही बता दीजिए कि मुझे क्या कहना है। इस पर स्पीकर ने उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि मैं आपका सलाहकार नहीं हूं, लेकिन आपको उसी मुद्दे पर बात करनी चाहिए, जिस पर यहां चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने सवाल किया



कि आखिर कौन सा नियम हमें भारत और चीन के संबंधों पर बात करने से रोकता है। इस पर स्पीकर ने कहा कि आप ऐसी पुस्तक का जिक्र कर रहे हैं, जो रक्षा मंत्री के मुताबिक प्रकाशित ही नहीं हुई है।

इसके अलावा आप जिस मुद्दे की बात कर रहे हैं, उसका यहां चल रहे विषय से कोई संबंध ही नहीं है। राहुल गांधी फिर भी उसी बात पर अड़े रहे और स्पीकर से कहा कि आप यह कहना चाहते हैं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण का विदेश नीति से कोई लेना-देना ही नहीं है। स्पीकर ने इस पर जवाब दिया कि आप विषय पर बात करें। आपको इस संबंध में कई बार नियम से अवगत कराया जा चुका है। राहुल गांधी ने इसके बाद एक मैग्जिन में छपे आर्टिकल का उल्लेख करते हुए फिर से जनरल नरवणे की बात उठाई। इस पर भी ट्रेजरी बेंच ने हंगामा करना शुरू कर दिया। रक्षा मंत्री ने इस पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करने की इजाजत नेता प्रतिपक्ष को नहीं दी जानी चाहिए। इसी बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव राहुल गांधी के समर्थन में उठ खड़े हुए। उन्होंने चीन के सवाल को सेंसिटिव बताते हुए कहा कि अगर कोई सुझाव देशहित में है, तो विपक्ष के नेता को पढ़ने देना चाहिए। अखिलेश यादव ने डॉक्टर लोहिया से लेकर मुलायम सिंह यादव तक का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें चीन से सावधान रहना है। इस पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा कि हम सुनने के लिए बैठे हैं लेकिन आसन द्वारा व्यवस्था दिए जाने के बाद भी ये फिर से वही चीज पढ़ रहे हैं, ऐसे सदन कैसे चलेगा। इसके बाद भी सदन में बहुत देर तक गतिरोध बना रहा। यह देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी थी।

## राहुल के भाषण पर हंगामा
## लोकसभा दिनभर के लिए स्थगित



**नई दिल्ली**। लोकसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक पर एक मैग्जीन के लेख को सदन में उठाना चाहा। सत्ता पक्ष के विरोध और लोकसभा अध्यक्ष के व्यवस्था देने के बावजूद राहुल गांधी के बार-बार विषय उठाने के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित हुई और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आरंभ हुई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चर्चा में भाग लेते हुए 2020 में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख की सीमा पर हुई सैन्य तनातनी का मुद्दा उठाया। उन्होंने उस समय सेना अध्यक्ष रहे जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक पर एक मैग्जीन में छपे आलेख के आधार पर सत्ता पक्ष पर निशाना साधा। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई। रक्षा मंत्री की आपत्ति इस बात को लेकर थी कि राहुल गांधी अप्रकाशित पुस्तक का हलावा दे रहे हैं जिसे सत्यापित नहीं किया जा सकता। लोकसभा अध्यक्ष ने भी राहुल गांधी से केवल उन्हीं बातों को सदन में रखने को कहा जिन्हें वे सत्यापित कर सकते हैं। इसके बावजूद राहुल गांधी के मुद्दा उठाने के चलते सदन की कार्यवाही पहले 3 बजे और बाद में 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बार स्थगन के बाद राहुल गांधी ने फिर मुद्दा उठाना चाहा और कहा कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठा रहे हैं और उन्हें इस कारण से बोलने नहीं दिया जा रहा है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



## एपस्टीन स्कैंडल, सेक्ससत्ता और दलालों का वैश्विक अपराध?

इन दिनों दुनिया में एपस्टीन फाइल की बड़ी चर्चा है। दुनिया के देशों के राजनेता, बड़े-बड़े अधिकारी,कॉरपोरेट जगत के लोगों को प्रभावित करने के लिए खूबसूरत एवं नाबालिग लड़के-लड़कियों का उपयोग सेक्सकर्मी के रूप में किया गया। इन्हें किस तरह से यौन अपराधियों और उनके दलालों द्वारा शिकंजे में लिया जाता था, इसके बाद दुनिया भर की राजसत्ता में बैठे लोगों के पद और प्रतिष्ठा का उपयोग किया गया। एपस्टीन दुनियाभर के राजनेताओं और कॉरपोरेट जगत को ब्लैकमेल करके दुनिया का पावरफुल आदमी बन गया था। अब एपस्टीन इस दुनिया में नहीं रहा। उसकी फाइल में दर्ज काले कारनामों के खुलासे हो रहे हैं। उससे सारी दुनिया के कई देशों के रास्ट्राध्यक्षों और कारपोरेट जगत का वह काला चेहरा आज सारी दुनिया को देखने को मिल रहा है।

इस काले कारनामें में एपस्टीन जो यौन शोषण का सबसे बड़ा अपराधी था, जिसने छोटे-छोटे से बच्चों को अपने धंधे के लिए इस्तेमाल किया। दुनिया के बड़े-बड़े नेताओं कॉरपोरेट और बड़े-बड़े अधिकारियों को अपने द्वीप में ले जाकर उनको ऐश कराया। इस तरह की ऐश बड़े-बड़े धन्नासेठों को और कहीं उपलब्ध नहीं हो सकती थी। जिसके कारण एपस्टीन बहुत कम समय में दुनिया के कई देशों की सत्ता का सबसे बड़ा दलाल बन गया। इसमें कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, ब्रिटेन के राजकुमार, ख़रबपति और वैश्विक धन्नासेठ जिसमें फिल्मी जगत के अभिनेता और अभिनेत्री भी शामिल थे। विभिन्न देशों के उद्योग, सत्ता, खेल और व्यापार जगत में इस दलाल की तूती बोलती रही। वासना के इस खेल में शामिल होने के बाद एपस्टीन के इसारे पर सारी दुनिया नाच रही थी।

अमेरिका के न्याय विभाग ने इसका खुलासा किया है। इसके कंप्यूटर से 35 लाख से अधिक पेज, हजारों फोटो और हजारों वीडियो इस सच्चाई को बता रहे हैं। जेफरी एपस्टिन और उसके सहयोगी गिस्लैन मैक्सवेल के सेक्स रैकेट नेटवर्क में शामिल थे। इन दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक संदेश, हवाई जहाज की यात्राओं का रिकॉर्ड बैंक के माध्यम से हुए, सभी लेन-देन का रिकॉर्ड शामिल किया गया है। इसमें अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कई बार नाम सामने आया है। इसी तरह से भारत के भी आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम इस फाइल में दर्ज हैं। यह सारे दस्तावेज अब सार्वजनिक कर दिए गए हैं। आश्चर्य की बात यह है, कुछ ऐसे पेज हैं, जिनमें ट्रंप और कई महत्वपूर्ण नेताओं और अधिकारियों से जुड़ी हुई जानकारी थी। गवाही के जो दस्तावेज थे, उनमें से कई पेजों पर स्याही पोतकर उसकी जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंचे इसके प्रयास हुए हैं। अमेरिका के न्याय विभाग में जिन यौन पीड़िताओं ने गवाही दी थी, उनमें स्याही पोतने का मामला सामने आया है।


**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


## संक्षिप्त समाचार

### पहले पिनाका रॉकेट, अब सीडीएस चौहान पहुंच गए आर्मेनिया, भारत से पाकिस्तान को झटके पर झटका



**नई दिल्ली**। भारत और आर्मेनिया के बीच रक्षा सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वदेशी गाइडेड पिनाका रॉकेट की पहली खेप आर्मेनिया को भेजे जाने के तुरंत बाद भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान चार दिवसीय दौरे पर रविवार को आर्मेनिया पहुंच गए। इस यात्रा को दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में बेहद अहम कदम माना जा रहा है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर इसके संकेत पाकिस्तान और उसके सहयोगी देशों के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान एक उच्चस्तरीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल के साथ आर्मेनिया की राजधानी येरेवान पहुंचे। उनके स्वागत के लिए आर्मेनिया में भारत की राजदूत निलाक्षी साहा सिन्हा और आर्मेनियाई सशस्त्र बलों के डिप्टी चीफ मेजर जनरल तैमूर शाहनजार्यन मौजूद रहे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह दौरा साझा रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने और दीर्घकालिक रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरे की टाइमिंग खास मानी जा रही है, क्योंकि कुछ ही सप्ताह पहले भारत ने आर्मेनिया को स्वदेशी रूप से विकसित गाइडेड पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम की पहली खेप सौंपी है।

### बलूचिस्तानः भीषण संघर्ष में 145 विद्रोही ढेर, सुरक्षाबलों और नागरिकों सहित 50 से अधिक मौतें

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत इस समय भीषण हिंसा और सैन्य संघर्ष की आग में झुलस रहा है। पिछले कई दशकों में इस क्षेत्र ने ऐसा खूनी मंजर नहीं देखा, जैसा बीते कुछ घंटों में देखने को मिला है। विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा किए गए श्रृंखलाबद्ध हमलों के जवाब में सुरक्षाबलों ने एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है, जिसमें अब तक 145 विद्रोहियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इस हिंसक टकराव में पाकिस्तान के 17 सुरक्षाकर्मी भी अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि विद्रोहियों के हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 18 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने क्वेटा में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले 40 घंटों से जारी आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने पुष्टि की कि मारे गए सभी 145 विद्रोहियों के शव प्रशासन के कब्जे में हैं और उनकी शिनाख्त की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह प्रांत के इतिहास में किसी एक अभियान में मारे गए विद्रोहियों की अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। विद्रोहियों ने क्वेटा, मस्तुंग, नुश्की, ग्वादर और पसनी जैसे एक दर्जन से अधिक स्थानों पर सुरक्षा ठिकानों, सरकारी कार्यालयों और जेलों को निशाना बनाया था। रिपोर्टों के अनुसार, हमलों के दौरान एक डिप्टी डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर का अपहरण भी कर लिया गया है। अभियान के दौरान सेना ने बताया कि विद्रोहियों ने दो महिला आत्मघाती हमलावरों का भी इस्तेमाल किया, जिन्होंने पसनी और क्वेटा में विस्फोट किए।

## वित्त मंत्री सीतारमण का विपक्ष पर तंज.........
## दुनिया में बढ़ती भारत की ताकत को स्वीकार करे



**नई दिल्ली**। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026-27 के बाद छात्रों के साथ संवाद के दौरान एक दिलचस्प बात कही। उन्होंने वैश्विक विकास में भारत के बढ़ते कद को दिखाने के लिए दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी और टेक दिग्गज एलन मस्क के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र किया। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जहां दुनिया भारत की ताकत को पहचान रही है, वहीं देश के विपक्ष को भी इस बदलती हकीकत को स्वीकार करना चाहिए। एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर वित्त मंत्री ने कहा कि मस्क ने भारत के योगदान के पैमाने को बताने के लिए आईएमएफ डेटा का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया था कि ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में चीन का 26 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि भारत का 17 प्रतिशत योगदान है, जो कुल मिलकर ग्लोबल ग्रोथ का 43 प्रतिशत बनता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा "मुझे यकीन है कि आप में से कई लोग सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं, आपने देखा होगा। मैं सिर्फ इस नाम का ज़िक्र कर रही हूँ, इसलिए नहीं कि कोई खास वजह है। मस्क आईएमएफ डेटा लेकर कहते हैं, 'वाह, क्या यह सच है?' आप जानते हैं, उस तरह का। मुझे ठीक से याद नहीं कि उन्होंने क्या कहा था। वाह, उन्होंने कहा, या कुछ और कहा। फिर उन्होंने व्यापक रूप से शेयर किए गए ग्राफ़िक में दिखाए गए आंकड़ों का ज़िक्र किया। उन्होंने छात्रों से पूछा कि क्या आप में से किसी ने वह ट्वीट देखा? वह क्या बताता है?" देश में राजनीतिक बहस को संबोधित कर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि विपक्ष को भारत के बढ़ते प्रभाव पर ध्यान देना चाहिए।

## आत्मनिर्भरता राष्ट्र निर्माण का मूल आधार : प्रधानमंत्री




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आत्मनिर्भरता को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता वह दीपक है, जो आत्मसम्मान और सामर्थ्य का मार्ग दिखाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार का केंद्रीय बजट देश के युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए संस्कृत का एक सुभाषित भी उद्धृत किया, "नाम्भोधिरर्थितामेति सदाम्भोभिश्च पूर्यते। आत्मा तु पात्रतां नेयः पात्रमायान्ति सम्पदः॥ प्रधानमंत्री ने इस सुभाषित के माध्यम से यह संदेश दिया कि संपदा और अवसर उसी के पास आते हैं, जो स्वयं को योग्य बनाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और बजट प्रावधानों का उद्देश्य युवाओं में क्षमता विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

### प्रधानमंत्री ने युवाओं को दिया मंत्र कहा- समुद्र कभी जल के लिए भिक्षा नहीं मांगता



**नई दिल्ली**। बजट पेश होने के बाद संसद में चर्चा की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं के लिए एक विशेष प्रेरक संदेश साझा किया है। प्रधानमंत्री ने एक प्राचीन श्लोक के माध्यम से बजट के दूरगामी लक्ष्यों को युवाओं के सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता से जोड़कर प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर नाम्भोधिरर्थितामेति सदाम्भोभिश्च पूर्यते। आत्मा तु पात्रतां नेयः पात्रमायान्ति सम्पदः॥ श्लोक साझा करते हुए इसका अर्थ समझाया कि जिस प्रकार अथाह जलराशि के लिए समुद्र कभी किसी से भिक्षा नहीं मांगता, फिर भी वह सदैव जल से लबालब भरा रहता है; उसी प्रकार यदि व्यक्ति स्वयं को योग्य और पात्र बना ले, तो धन-संपत्ति और सफलता स्वतः उसके पास खिंची चली आती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता वह दीपक है, जो आत्मसम्मान और सामर्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है। यह बजट हमारे युवा साथियों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## राजनीतिक हिंसा किसी भी रूप में लोकतंत्र के खिलाफः सदानंदन

**नई दिल्ली**। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सोमवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए नामित सदस्य सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र और मानवता की बातें कर रहे हैं, उन्होंने ही 31 साल पहले उन पर जानलेवा हमला किया था। सदन में व्हीलचेयर पर बैठकर इसलिए आए हैं क्योंकि एक संगठित आपराधिक गिरोह ने उन पर हमला कर उनके दोनों पैर काट दिए थे। उन्होंने इस हमले का संबंध अपरोक्ष रूप से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जोड़ते हुए कहा कि हमला करने वाले लोग "इंकलाब जिंदाबाद" के नारे लगा रहे थे। सदन में टेबल पर रखे कृत्रिम पैर को दिखाते हुए सदानंदन ने कहा कि वे क्यों खड़े होकर नहीं बोल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला तब हुआ था, जब वह अपने चाचा के घर से लौट रहे थे। उन्होंने कहा, "आप लोकतंत्र और मानवता की बात करते हैं, लेकिन आपकी राजनीति हिंसा पर आधारित है। राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र के लिए घातक है। सदानंदन मास्टर के बयान के बाद विपक्षी सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाते हुए कहा कि राज्यसभा में किसी भी वस्तु को प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है।

## रामकथा के दौरान भड़के राजन महाराज बोले- किसने मां का दूध पिया है, गोली मार कर दिखाओ



**गोरखपुर**। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित चंपा देवी पार्क में आयोजित रामकथा उस समय विवादों और हंगामे के केंद्र में आ गई, जब प्रख्यात कथावाचक राजन जी महाराज व्यास पीठ से अचानक आवेश में आ गए। सोमवार को कथा के दौरान मचे हड़कंप के बीच महाराज ने सार्वजनिक मंच से ललकारते हुए कहा, मेरे टीम मेंबर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मैं भी कहता हूं, किसने मां का दूध पिया है, गोली मार कर दिखाओ! कथावाचक के इस कड़े तेवर और भावुक संबोधन का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कथा के दौरान कुछ लोग बार-बार मंच पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जब आयोजन टीम के सदस्यों ने लोगों को मंच पर आने से रोका, तो बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि विरोध कर रहे कुछ लोगों ने राजन जी महाराज की टीम के एक सदस्य पर अभद्र टिप्पणी की और कथित तौर पर गोली मारने की धमकी दे डाली। 16 वर्षों की अपनी कथा यात्रा में इस तरह के अनुभव से पहली बार गुजर रहे महाराज इस घटना से काफी आहत नजर आए।

## एयर मार्शल वालिया ने संभाली ईस्टर्न एयर कमांड की कमान, रणनीतिक तौर पर अहम है यह नियुक्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया ने ईस्टर्न एयर कमांड के नए एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एयर मार्शल सूरत सिंह का स्थान लिया है, जो 31 जनवरी को 39 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल वालिया की नियुक्ति को पूर्वी क्षेत्र में वायु सेना की ऑपरेशनल तैयारियों और रणनीतिक मजबूती के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया इससे पहले ईस्टर्न एयर कमांड मुख्यालय में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर (एसएएसओ) के



रूप में कार्यरत थे। इस भूमिका में उन्होंने ऑपरेशनल प्लानिंग, ट्रेनिंग और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। लंबे फ्लाइंग और कमांड अनुभव के कारण उन्हें इस महत्वपूर्ण कमान के लिए उपयुक्त माना गया है। एयर मार्शल वालिया ने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) से अपनी सैन्य शिक्षा प्राप्त की और वर्ष 1988 में एक फाइटर पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया। अपने करियर के दौरान उन्होंने देश और विदेश में कई प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने यूनाइटेड किंगडम से एडवांस कमांड एंड स्टाफ कोर्स किया, जबकि उच्च रक्षा योजना (हायर डिफेंस प्लानिंग) की पढ़ाई बांग्लादेश स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज से की।

**तीन दशक से ज्यादा का सेवा काल** : अपने तीन दशक से अधिक लंबे सेवा काल में एयर मार्शल वालिया ने फ्लाइंग, कमांड और स्टाफ—तीनों ही क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे जापान और दक्षिण कोरिया में भारतीय दूतावासों में डिफेंस अटैची के रूप में भी तैनात रह चुके हैं, जहां उन्होंने रक्षा कूटनीति को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई।

## टी-20 विश्व कप में भारत से मैच न खेलने के फैसले पर भारतीय नेताओं ने पाकिस्तान को लताड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान द्वारा आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच न खेलने की खबरों पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर, राजीव शुक्ला, मणिकम टैगोर, टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद और पूर्व क्रिकेटर मदन लाल समेत कई नेताओं ने इसे खेल भावना के खिलाफ बताते हुए बीसीसीआई से सख्त रुख अपनाने की मांग की है। शशि थरूर ने कहा कि खेल को राजनीति से जोड़ना बेहद शर्मनाक है। क्रिकेट जैसे खेल का मकसद लोगों को जोड़ना होना चाहिए, लेकिन इस तरह की राजनीति ने इसे विभाजन का साधन बना दिया है। आईसीसी को तुरंत हस्तक्षेप कर इस विवाद को खत्म करना चाहिए और क्रिकेट को एकता का माध्यम बनाए रखना चाहिए। कांग्रेस सांसद



और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि आईसीसी ने पत्र जारी कर खेल भावना पर बातचीत की है और बीसीसीआई इस पर आईसीसी से चर्चा के बाद ही टिप्पणी करेगा। खेल को राजनीति से दूर रखना ही सही रास्ता है और भारत आईसीसी के साथ मिलकर आगे का रास्ता तय करेगा। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि क्रिकेट पर राजनीति लंबे समय से होती रही है। बोर्ड और सरकार को इस पर सही निर्णय लेना चाहिए ताकि दोनों देशों के बीच तनाव और न बढ़े। अगर इस तरह की राजनीति जारी रही तो दोनों देशों के बीच सामान्य संबंध स्थापित करना कठिन हो जाएगा। टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान को पता है वह भारत से जीत नहीं सकता, इसलिए उसने बहिष्कार का रास्ता चुना। भारत को पहले ही आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश देने के लिए पाकिस्तान से खेलने से इनकार कर देना चाहिए था। शिवसेना (उबाठा) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि पाकिस्तान ने जुर्माना और दंड झेलने का जोखिम उठाकर भी भारत से खेलने से इनकार किया है। भारत को पहले ही सख्त रुख अपनाना चाहिए था। पाकिस्तान ने यह दिखा दिया है कि वह खेल के नियमों से ऊपर राजनीति को रखता है। पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने कहा कि पाकिस्तान अपनी ही क्रिकेट को नुकसान पहुंचा रहा है और यह निर्णय सही सोच का नहीं है।

## पीएम मोदी समेत बीजेपी नेताओं ने अन्नपूर्णा देवी को जन्मदिन की दी बधाई

**नई दिल्ली**। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी को उनके जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिला और बाल कल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन की कामना की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि अन्नपूर्णा देवी के प्रयास महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित कई नेताओं ने भी अन्नपूर्णा देवी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने उनके लंबे, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की, वहीं नितिन गडकरी ने उन्हें केंद्रीय कैबिनेट की एक कर्मठ सहयोगी बताते हुए अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की शुभेच्छा व्यक्त की। दरअसल अन्नपूर्णा देवी वर्तमान में केंद्र सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की कैबिनेट मंत्री हैं। उनका राजनीतिक सफर करीब तीन दशक पुराना है और उन्होंने जमीनी राजनीति से लेकर केंद्र सरकार तक का लंबा अनुभव हासिल किया है।


Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## ख़ास ख़बर

## बजट देश और राज्यों के विकास को देगा नई दिशाः मुख्यमंत्री धामी

### पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और पर्यटन को नए आयाम मिलेंगे

**लोकतंत्र की शान : देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने के साथ ही सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ाने वाला है। बजट में आर्थिक विकास तेज करने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को विकासोन्मुखी और समावेशी बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं, वंचितों, छोटे उद्यमियों और पिछड़े वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, उद्योग और अवसंरचना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। ये राज्य और देश दोनों के लिए लाभकारी होंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे। बजट में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के लिए पर्यावरण-अनुकूल माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने की योजना है। इसके अलावा, किसानों, पशुपालन, उच्च मूल्य कृषि, पर्यटन और एमएसएमई के लिए किए गए प्रावधान राज्य की ग्रामीण और पर्वतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पर्यावरण और ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और बायोफार्मा क्षेत्र में निवेश से राज्य और देश दोनों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उत्तराखंड सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर बजट की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक ताकत बढ़ाएगा, बल्कि पर्वतीय राज्यों को भी समान रूप से विकास के अवसर प्रदान करेगा। की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने के साथ ही सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास तेज करने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

## फरीदाबाद : सड़क हादसे में छात्र की मौत, डेढ घंटा शव उतारने को किया इंतजार

### तीन बहनों का इकलौता भाई था मृतक



**लोकतंत्र की शान : फरीदाबाद।** थाना भूपानी इलाके स्थित कावरा मोड के पास एक ऑटो और बाइक में भिड़ंत में बीए फर्स्ट ईयर के छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद बीके अस्पताल में शव को एंबुलेंस से उतारने के लिए कोई कर्मचारी नही मिला। जिसके चलते शव करीब डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस में पड़ा रहा। इससे एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आ गई है। मृतक पवन ने नेहरू कॉलेज में हाल में ही प्रधान का चुनाव जीता था। पुलिस कर्मचारी प्रदीप कुमार एसपीओ ने बताया कि गांव कावरा निवासी 20 वर्षीय मृतक पवन शनिवार शाम के समय अपनी बाइक पर जिम से घर लौट रहा था। कावरा मोट पर एक ऑटो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एंबुलेंस में रखवाकर बीके अस्पताल पहुंची। लेकिन अस्पताल में उनको शव उतारकर मोर्चरी में रखने के लिए कोई कर्मचारी नहीं मिला। जिस कारण करीब डेढ़ घंटे तक शव को एम्बुलेंस में ही रखना पड़ा। जिसके बाद एक कर्मचारी के आने पर शव को उतारकर रखा गया। मृतक पवन तीन बहनों का एकलौता भाई था। वह एक नेहरू कॉलेज में बीए फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। उसके पिता दुबई में नौकरी करते हैं। पवन रोजाना की तरह जिम से वापस लौट रहा था। इस घटना के सुनने के बाद न केवल पवन के दोस्त अस्पताल पहुंच गए और उनकी तीनों बहनें माता और अन्य रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस कर्मचारी प्रदीप ने बताता कि पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों कि रिकार्डिंग जांच कर रही है। पुलिस जल्द ही ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लेगी।

## सोनीपतः गुरु रविदास ने समानता व समरसता का संदेश दिया :विधायक निखिल



**लोकतंत्र की शान : सोनीपत।** सोनीपत में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर रविवार को लाल दरवाजा स्थित गुरु रविदास मंदिर में सामाजिक सद्भाव और समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान ने कहा कि गुरु रविदास का मानवता, समानता और समरसता का संदेश दिया। गुरुरविदास के विचारों को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विधायक ने मंदिर में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से ऊंच-नीच, छुआछूत और जातीय भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण किया। उनका मानना था कि मनुष्य की महानता जन्म से नहीं, बल्कि कर्म से तय होती है। विधायक ने कहा कि उन्होंने गुरु रविदास के प्रसिद्ध विचारों का उल्लेख करते हुए कर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला और सभी से इंसानियत व भाईचारे के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, पूर्व जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान गुरु रविदास सभा के प्रधान कृष्ण भाटिया, महासचिव रत्न सिंह भाटिया, पूर्व निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी, पूर्व पार्षद सुरेंद्र नैयर, पूर्व पार्षद नवीन तंवर, राजेश दहिया,अशोक खत्री,रघुबीर सिंह रंगा,तिलक राज बौद्ध, किरणपाल सिंह बहमनिया, सतपाल,विक्रम,सतीश आदि लोग मौजूद रहे।

## फतेहाबाद : एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा में 233 कैडेट्स ने लिया भाग

**लोकतंत्र की शान : फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को थ्री हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया के दिशा-निर्देशन मे 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया। स्कूल एएनओ सेकंड ऑफिसर पूनम बिश्नोई ने बताया कि इस परीक्षा में रॉयल स्कूल के अलावा सैनिक स्कूल खारा खेड़ी, जवाहर नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल मंडी आदमपुर, वी एम विश्वास स्कूल मंडी आदमपुर, गवर्नमेंट संस्कृति मॉडल स्कूल मंडी आदमपुर, गवर्नमेंट संस्कृति मॉडल स्कूल फतेहाबाद के 233 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया जिनमें 162 लडक्के और 71 लड़कियां शामिल थे। परीक्षा के दौरान कैडेट्स की शारीरिक दक्षता, लिखित ज्ञान और परेड ड्रिल का मूल्यांकन किया गया। यह परीक्षा एनसीसी के प्रशिक्षण के मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण चरण होती है, जिसमें कैडेट्स को देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों के लिए परखा जाता है। सभी कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण व अनुशासन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट की ओर से स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा, प्रिंसिपल जानूप्रिया कथूरिया उपस्थित थे। इस अवसर पर थ्री हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार से नायब सूबेदार तख्त सिंह, सूबेदार सुखविंद्र सिंह रिटायर्ड, सीएचएम शक्ति सिंह, सीएचएम बलजेन्द्र सिंह, एएनओ युनुस खान, दयानंद, रवि कंबोज एवं सीटीओ किरण, पारूल, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

# अपोलो हॉस्पिटल्स ने आईएचडी 2026 के दौरान साल भर संचालन की प्रतिबद्धता व्यक्त की, 'हॉस्पिटल ऑफ द फ्यूचर' की घोषणा की

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्लीः** 27,000 से अधिक प्रतिभागियों ने आईएचडी 2026 में हिस्सा लिया, 300 से अधिक पेपर सबमिशन तथा दुनिया भर के 75 से अधिक संस्थानों से 120 से अधिक अवॉर्ड एंट्रीज़ प्राप्त हुईं चेयरमैन डॉ प्रताप सी रेड्डी ने ऐलान किया कि अपोलो हॉस्पिटल्स साल के 365 दिन 24/7 संचालन करेंगे, सप्ताहान्त एवं छुट्टी के दिन भी संचालन जारी रहेगा डॉ संगीता रेड्डी ने कहा कि जल्द ही हैदराबाद में एक हॉस्पिटल ऑफ द फ्यूचर आ रहा है, तथा अस्पताल की चारदीवारी के दायरे से बढ़कर एक हेल्थ सिस्टॅफ ऑफ फ्यूचर का निर्माण किया जाएगा New Delhi, 2nd February 2026: अपोलो हॉस्पिटल्स के इंटरनेशनल हेल्थ डायलॉग (आईएचडी) 2026 का समापन आज हैदराबाद में हुआ, दो दिनों के इस कार्यक्रम में 27,000 से अधिक प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत रूप से एवं ऑनलाईन हिस्सा लिया। 'ग्लोबल वॉइसेज़, वन विज़न' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से चिकित्सक, मरीज़ सुरक्षा लीडर, प्रत्यायन विशेषज्ञ, तकनीज्ञ एवं स्वास्थ्य प्रणाली के नीति निर्माता इकट्ठा हुए, तथा 300 से अधिक पेपर सबमिशन तथा दुनिया भर के 75 से अधिक संस्थानों से 120 से अधिक अवॉर्ड एंट्रीज़ प्राप्त हुईं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य मंत्रियों, विश्वस्तरीय गुणवत्ता एवं मरीज़ सुरक्षा लीडरों ने हिस्सा लिया। इनमें - कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, संसद सदस्य (लोक सभा), चेवेला, तेलंगाना; जोनाथन बी. पर्लिन, प्रेज़ीडेन्ट एवं चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल (जेसीआई); कार्सटन एंगल, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थकेयर; अतुल मोहन कोचर, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स; जीन रोज़ेयर इबारा, माननीय स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री, कोंगो गणराज्य; ग्रेस अयेंसु-डेन्क्वाह, माननीय उप-स्वास्थ्य मंत्री, घाना; साराह क्लेटो रियाल, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, दक्षिण सूडान गणराज्य; और हु'आकावामीलिकु सिआओसी सोवालेनी, माननीय स्वास्थ्य मंत्री टोंगा शामिल थे। ८ आईएचडी 2026 की शुरूआत करते हुए डॉ संगीता रेड्डी, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने टेक्नोलॉजी-उन्मुख रूपान्तरण में अपोलो के अगले चरण की घोषणा की, जिसके तहत जल्द ही हैदराबाद में एक हॉस्पिटल ऑफ द फ्यूचर आ रहा है, तथा अस्पताल की चारदीवारी के दायरे से बढ़कर एक हेल्थ सिस्टॅफ ऑफ फ्यूचर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आज हेल्थकेयर संस्थानों से सिस्टम की ओर, एपिसोडिक केयर से निरंतर स्वास्थ्य की ओर तथा मैनुअल प्रक्रिया से एआई-आधारित कार्यप्रवाह की ओर बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी कोई अतिरिक्त पहलु नहीं, यह हेल्थकेयर का ज़रूरी पहलु बन रही है, बशर्ते कि यह मनुष्य के नेतृत्व में हो और सहानुभूति पर आधारित हो। हमारी चुनौतियां रैखिक विकास से हल हल नहीं हो सकती। हेल्थकेयर के लिए महत्वपूर्ण समाधानों की आवश्यकता है।'' डॉ संगीता रेड्डी ने अपोलो के हेल्थ सिस्टम ऑफ द फ्यूचर को सपोर्ट करने वाली पहलों के बारे में भी बताया, जिसमें नॉन-क्लिनिकल मरीज़ों की रिक्वेस्ट के लिए डायल 50, ह्युमन इन द लूप के साथ क्लिनिशियन कोपायलट एवं पेशेंट कोपायलट के निर्माण के लिए माइक्रोसॉफ्ट पार्टनरशिप, रिस्क स्कोरिंग एवं गाइडेड वैलनैस से युक्त प्रीवेन्टिव हेल्थ एआई प्लेटफॉर्म, तथा अपोलो 24/7 (जो 40 मिलियन से अधिक यूज़र्स को सेवाएं प्रदान कर रहा है) शामिल है। ''एआई के द्वारा रोज़मर्रा के कामों को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, न कि मनुष्य के फैसलों को। जब इंटेलीजेन्स पूर्वव्यापी समीक्षा के बजाए रियल-टाईम हस्तक्षेप बन जाती है, तब सुरक्षा में सुधार होता है।'उन्होनें कहा।

## कोटद्वार घटना सांप्रदायिक सद्भाव के रक्षकों के खिलाफ कानून के भयावह दुरुपयोग को उजागर करती हैः जमाअत उपाध्यक्ष

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्लीः** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष प्रो. सलीम इंजीनियर ने कोटद्वार में हाल ही में हुई सांप्रदायिक घटना को पुलिस द्वारा नियंत्रण करने के तरीके पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अब तक की गई कार्रवाई से निष्पक्षता, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठते हैं। मीडिया को जारी एक बयान में प्रो. सलीम इंजीनियर ने कहा, "जमाअत-ए-इस्लामी हिंद दीपक कुमार और विजय रावत के साहस की प्रशंसा करती है जिन्होंने कोटद्वार में हाल ही में हुई सांप्रदायिक घटना के दौरान जुल्म को रोकने के लिए दखल दिया। नैतिक साहस के ऐसे काम, जहाँ नागरिक दूसरों की गरिमा और सलामती की रक्षा के लिए डर और भेदभाव से ऊपर उठते हैं, देश की नींव को मजबूत करते हैं। जब लोग अन्याय और सांप्रदायिक नफरत के खिलाफ खड़े होते हैं, तो इंसानियत मजबूत होती है, और यही भावना सच में एक मजबूत और एकजुट देश बनाती है।" जमाअत के उपाध्यक्ष ने कहा, "हम पुलिस की कार्रवाई, खासकर दीपक कुमार और विजय रावत के खिलाफ दर्ज FIR पर गंभीर चिंता जताना चाहते हैं। उपलब्ध वीडियो सबूत में स्पष्ट है कि उनके प्रयास बचाव में थे और हिंसा को बढ़ने से रोकने के लिए थे, फिर भी उन पर गंभीर कानूनी धाराओं के तहत केस दर्ज किए गए। साथ ही, जबकि पुलिस ने माना है कि 31 जनवरी को एक भीड़ ने दीपक के घर को घेरा था, मुस्लिम विरोधी नारे लगाए थे और खुली धमकियां दी थीं, इस मामले में FIR में साफ वीडियो सबूत होने के बावजूद किसी आरोपी का नाम नहीं है। संगठित सांप्रदायिक धमकी को 'अज्ञात लोगों' का अपराध मानना जवाबदेही को कमजोर करता है और चरमपंथी तत्वों को बढ़ावा देता है।"

## धर्मगुरु गोविंद गिरी जी महाराज गजवा ए हिंद के जवाब सनातनियों को चार बच्चे पैदा करने का आह्वान किया

» भारत मंडपम में सभी धर्मगुरुओं ने मिलकर इशिका श्री महालक्ष्मी भारत अभियान लॉन्च किया

लोकतंत्र की शान






**नई दिल्लीः** / इशिका तनेजा, एक एक्ट्रेस, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, और सीता माया, जिन्होंने योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर इशिका श्री महालक्ष्मी भारत अभियान लॉन्च किया, उसे व्यापक रूप से एक नए युग की शुरुआत बताया गया, क्योंकि इशिका श्री महालक्ष्मी ने औपचारिक रूप से आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सामाजिक पुनर्जागरण पर आधारित एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत की। इस सभा में पूरे भारत से जाने-माने संतों, विचारकों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति और आशीर्वाद मिला, जिससे यह समकालीन आध्यात्मिक और सामाजिक चर्चा में एक ऐतिहासिक क्षण बन गया। कार्यक्रम के दौरान, श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने अभियान के पैमाने, विजन और कार्यान्वयन की सराहना की, और इस बात की तारीफ की कि कैसे इतनी बड़ी पहल की कल्पना की गई और भक्ति और अनुशासन के साथ इसे एक साथ लाया गया। उन्होंने कम उम्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाने के लिए इशिका श्री महालक्ष्मी को आशीर्वाद दिया और इस पहल को समय के अनुसार और ज़रूरी बताया।

## पूर्व सेना प्रमुख की किताब को लेकर लोकसभा में हंगामा, सदन तीन बार स्थगित

» खरगे ने कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा के सवालों से बच रही है मोदी सरकार

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्लीः** लोकसभा सोमवार को भारी हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप के बीच तीन बार स्थगित हुई, जब नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए 31 अगस्त, 2020 को पूर्वी लद्दाख में चीन की घुसपैठ और उससे जुड़े घटनाक्रम पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा के हवाले से सरकार को बुरी तरह घेरा। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब को लेकर हाल ही में एक पत्रिका में छपे लेख का जिक्र कर रहे थे। इस लेख में नरवणे की किताब के हवाले से बताया गया है कि 31 अगस्त, 2020 की रात चीनी सेना के टैंक कैलाश रेंज पर भारतीय ठिकानों से कुछ सौ मीटर की दूरी तक पहुंच चुके थे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जनरल मनोज नरवणे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को तुरंत फोन कर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश मांगे थे, लेकिन उन्हें कोई निर्देश नहीं दिए गए। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब का यह अंश पढ़ना चाहते थे, लेकिन उन्हें सत्ता पक्ष द्वारा बार-बार रोका गया। राहुल गांधी के इस मुद्दे को उठाते ही केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू समेत सत्ता पक्ष के लोग बार-बार राहुल के भाषण को रोकने की कोशिश करने लगे। राहुल गांधी ने कहा कि जनरल नरवणे की किताब का यह अंश पढ़ने से पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। लगातार व्यवधानों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरवणे की किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया है। उन्होंने कहा कि आखिर जनरल मनोज मुकुंद नरवणे जी की किताब में ऐसा क्या लिखा है, जिससे मोदी सरकार के लोग इतना घबरा रहे हैं कि इसे सदन के पटल पर पढ़ने ही नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश की जनता से एक ऐसी सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है, जिसे देश का हर सैनिक पहले से जानता है। राहुल गांधी ने बताया कि इस किताब में उस समय की घटनाओं का जिक्र है, जब चीनी टैंक कैलाश रेंज पर भारतीय ठिकानों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि वह यह मुद्दा उठाने वाले नहीं थे, लेकिन एक भाजपा सांसद द्वारा कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल खड़े किए गए, इसलिए वे राष्ट्रीय सुरक्षा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर ध्यान दिलाना चाहते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रपति के अभिभाषण तक सीमित रहने को कहा तो राहुल गांधी ने पलटवार करते हुए जवाब दिया कि वे पूरी तरह उसी विषय पर बोल रहे हैं, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रमुख विषय था। सदन स्थगित होने के बाद कार्रवाई दोबारा शुरू होने पर इस मुद्दे पर फिर से बोलते हुए उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि उनकी बातों में ऐसा क्या था कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों ही सदन से चले गए।

## मुख्यमंत्री ने एयू मैराथन को दिखाई हरी झण्डी

लोकतंत्र की शान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रातः जल्दी उठकर दौड़ने और व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है तथा पूरे दिन शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार रहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' को धरातल पर उतारने के लिए स्वस्थ जीवनशैली एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से व्यायाम को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर देश-प्रदेश के विकास में योगदान देने की अपील की। शर्मा रविवार को जयपुर में आयोजित एयू जयपुर मैराथन में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए युवा एक महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं तथा देश-प्रदेश के युवा हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के विचारों को आगे बढ़ाकर प्रधानमंत्री देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गत 2 वर्षों में युवाओं के लिए खेल, रोजगार, कौशल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अवसर उपलब्ध कराए हैं। इससे हमारा युवा रोजगार प्राप्त करने के साथ रोजगार प्रदाता भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के हर सपने को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। कार्यक्रम में शर्मा ने मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रामनिवास बाग से रवाना किया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी महन्त नरेशपुरी महाराज, पं. सुरेश मिश्रा, अभिनेता मिलिंद सोमन, आर्किटेक्चर अनूप बरतरिया सहित अन्य अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे।

## लोहाघाट में योग अभियान को गति

लोकतंत्र की शान

**चंपावत।** चंपावत में स्वस्थ समाज के निर्माण और योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लोहाघाट के सैनिक विश्राम गृह में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के भारत स्वाभिमान प्रदेश प्रभारी डॉ. भास्कर ओली ने शिरकत की। बैठक का संचालन खष्टी बल्लभ पांडेय और राजेंद्र गहतोड़ी ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. भास्कर ओली ने योग को स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन की मजबूत आधारशिला बताया। उन्होंने सभी से इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। डॉ. ओली ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोग रहता है, मन स्थिर व जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है।उन्होंने पूर्व सैनिकों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों से पतंजलि योगपीठ से जुड़कर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ, जिसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का परिचय सत्र आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों और कार्यकर्ताओं के लिए नियमित निःशुल्क योग शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसका उद्देश्य आमजन को योग से जोड़कर स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन आई.एस. देव ने योग कक्षाओं के संचालन के लिए निःशुल्क हॉल उपलब्ध कराने के साथ ही हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आगामी योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## जेआईटीओ, ब्राइडल का शादियों को लेकर परिधानो, अन्य समानो की भव्य प्रदर्शनी

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्लीः** ब्राइड मास्टरपीस द ब्राइडल स्टोरी बाय टी एक ऐसी दुनिया में एक शानदार न्योता है जहाँ हाई-फ़ैशन और विरासत का मेल होता है। पूरी तरह से खूबसूरती से तैयार, यह शोकेस आम चीज़ों से ऊपर उठता है, ग्लोबल वेडिंग इंडस्ट्री के लिए एक शानदार जगह के तौर पर काम करता है। यह सच में समझदार लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया डेस्टिनेशन है। हम दूर की सोचने वाले जोड़ों और इंडस्ट्री के सबसे अलग लोगों के बीच की दूरी को कम करते हैं। इस शानदार शो का विज़न जॉइन इंटरनेशनल ओड ऑर्गनाइज़ेशन के जाने-माने लीडरशिप ने बताया है, जो इन्वेस्टमेंट, सोशल सर्विस और आर्थिक मज़बूती के लिए जॉइन करने वाले एंटरप्रेन्योर्स, बिज़नेसमैन और प्रोफ़ेशनल्स की एक शानदार बॉडी है। लॉडल्स विंग खास तौर पर कम्युनिटी में महिलाओं के मज़बूती और प्रोफ़ेशनल नेटवर्किंग पर फ़ोकस करता है। मिस्टर रोमन जैन ज़ोन चेयरमैन,जीतो नॉर्थ ज़ोन ने इस पहल की शान के बारे में बताया, जिसमें सामूहिक उत्कृष्टता के शिखर पर रोशनी डाली गई। इस शानदार इवेंट को मिसेज सुरभि जैन (कन्वीनर जलवा जे डब्लू एन नार्थ ज़ोन), मिसेज एर्गल (चेयरपर्सन एल डब्लू ईस्ट), मिसेज कुसुम जैन (चेयरपर्सन, फरीदाबाद), मिसेज रूबी जैन (चेयरपर्सन, जे यू डब्लू ईस्ट दिल्ली), मिसेज राठी जैन (चीफ सेक्रेटरी, फरीदाबाद) और मिसेज विद्या जैन चीफ सेक्रेटरी, जे डी डब्लू ईस्ट दिल्ली, की डेडिकेटेड लीडरशिप और विजनरी कोशिशों ने आगे बढ़ाया। इनकी मिली-जुली एक्सपर्टीज़ ने मिस्टर तरुण जैन (चेयरमैन, जीतो ईस्ट दिल्ली), मिस्टर प्रवीण अंको (चेयरमैन, जीतो फरीदाबाद), मुकेश जैन (चीफ सेक्रेटरी फोस्ट दिल्ली) और मिस्टर पुनीत जैन (हाई सेक्रेटरी फरीदाबाद) के डेडिकेटेड सपोर्ट के साथ बेमिसाल परिष्कार का शोकेस पक्का किया। इस एलीट एक्सपीरियंस के लिए नॉर्थ ज़ोनर के कमिटमेंट को नॉर्थ ज़ोन के लीडर्स की एक जानी-मानी टीम है, जिसमें विकास जैन, चीफ सेक्रेटरी, रोज कुमार जैन और पोरस मल जैन, वाइस प्रेसिडेंट, अभिषेक बैद ट्रेज़रर, अर्पित जैन शामिल थे। जे टी सेक्रेटरी, हेमा जैन, को-कन्वीनर जेयूडब्लू नॉर्थ ज़ोन के साथ कई अन्य इस मौके पर उपस्थित रहेंगे। आपको 7 और 8 फरवरी 2026 को मशहूर दीं अशोक चाणक्य पूरी, में इस शानदार रेजीडेंसी में डूबने के लिए बुलाते हैं और उन लोगों के लिए खास तौर पर तैयार किए गए शानदार कपड़ों, शानदार ट्रेंड्स और खास सर्विसेज़ का एक पोर्टफोलियो देखने के लिए बुलाते हैं, जो अपने रिश्ते को एक कला मानते हैं। जीतो लेडीज़ विंग ऑफ़ नॉर्थ ज़ोन, ईस्ट दिल्ली और फरीदाबाद द्वारा पेश किया गया, यहीं से आपकी यादगार कहानी शुरू होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को वार्ड सभासद द्वारा कराया गया तिथि भोजन



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार की तिथि भोजन योजना प्राथमिक विद्यालयों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने वाली एक पहल के तहत नगर के प्राथमिक विद्यालय में वार्ड सभासद द्वारा तिथि भोजन कराया गया जिसमें बच्चों को पोस्टिक भोजन कराया गया साथ ही बच्चों को उपहार भी भेंट किए गए, बताते चलें कि हसनपुर नगर के वार्ड नंबर 3 की सभासद अमीर जहां पत्नी शराफत मलिक द्वारा वार्ड नंबर 3 में स्थित प्राथमिक विद्यालय लालबाग नंबर 3 एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय होली वाला नगर क्षेत्र हसनपुर के दर्जनों बालक बालिकाओं को अपनी ओर से पौष्टिक भोजन कराया गया तथा मिठाई भी खिलाई गई साथ ही बच्चों को उपहार भेंट किया गए, इस संबंध में वार्ड सभासद अमीर जहां के पति शराफत मलिक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने वाली इस पहल का वह स्वागत करते हैं और सरकार के इस कदम की सराहना करते हैं उन्होंने बताया कि सरकार के तिथि भोजन से प्रेरित होकर उन्होंने बच्चों को एक दिन अपनी ओर से भोजन करने का मन बनाया जिसके क्रम में बच्चों को पौष्टिक भोजन और मिठाई तथा उपहार प्रदान किया गया है, वहीं वार्ड सभासद एवं उनके पति की नगर वासियों ने तारीफ की है नगर वासियों का कहना है कि वार्ड सभासद द्वारा तिथि भोजन करा कर की गई इस पहल से और लोग भी प्रेरित होंगे, वार्ड सभासद एवं उनके पति द्वारा कराए गए तिथि भोजन की नगर में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है l

### बीसी के रूपए लेकर भागने वाले आरोपी पर एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**लोक तंत्र की शान : शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली छेत्र के मोहल्ला खेडा बीबीजई निवासी युवक ने सरदारगंज चौकी पुलिस पर बार बार दौड़ाने का आरोप लगाते हुए एसपी को लिखित तहरीर देकर युवक पर बीसी के रूपए लेकर भाग जाने का आरोप लगाया है। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। पीड़ित विवेक शर्मा पुत्र विनय शर्मा के अनुसार वह अपने साथियो विनय भारती,प्रिंस कुमार, मनीष कुशवाहा, गौरव राठौर,करन राठौर,अंकुश सिंह, राहुल शर्मा, गौरव सैनी, रमन सिंह,विकास और साकिब अंसारी पुत्र मुजाहिद निवासी गिगियानी आपस में बारह लोग मिलकर हर माह दस दस हजार रूपए आपस में जमा करके आपस में बात कर व्यापार के लिए जिसको आवश्यकता होते थे एक लाख बीस हजार रूपए उसे दे देते थे।इसी क्रम में साकिब को सबने मिलकर एक लाख बीस हजार रूपए व्यापार के लिए दिए थे। लेकिन वह रूपए लेने के बाद मुंबई चला गया। 3 जनवरी को सभी सदस्य आरोपी के घर गए तो उसके भाई इरफ़ान पुत्र मुजाहिद ने गाली गलौज कर सबको दरवाजे से भगा दिया। उन्होंने घटना की लिखित सुचना सरदारगंज चौकी पुलिस को दी। लेकिन चौकी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की उन लोगों को बेवजह दौड़ाया जा रहा है। पीड़ितों की लिखित तहरीर पर एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग रेंज अंतर्गत विशेषज्ञों की उपस्थिति में महादेवताल परिभ्रमण बर्ड वाचिंग प्रतिभागी स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया

**लोक तंत्र की शान : मिहींपुरवा बहराइच/** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 02 फरवरी, 2026 को इस वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अन्तर्गत विशेषज्ञों की उपस्थिति में आर्द्रभूमि क्षेत्र "महादेवा ताल" का परिभ्रमण, बर्ड वॉचिंग, प्रकृति/जैवविविधता भ्रमण, प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा आर्द्रभूमि एवं पक्षी संबंधी पारिस्थितिकीय पर उद्बोधन का कार्यक्रम पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल-2026 की थीम "आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञानः सांस्कृतिक विरासत का उत्सव" की संकल्पना को प्रोन्नत किये जाने एवं विलुप्त हो रहे आई भूमि के संरक्षण और स्वस्थ मानव जीवन के उपयोग हेतु स्वच्छ जल/पेयजल की मात्रा बढ़ाये जाने के दृष्टिगत वृहद स्तर पर निम्नलिखित जनजागरूकता एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम विशेषज्ञों, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी एवं बप्पा जी इण्टर कालेज चफरिया के स्कूली छात्रों व अध्यापकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली छात्रों के मध्य पेन्टिंग एवं क्विज प्रतियोगता करायी गयी,तथा , प्रतिभागी स्कूली बच्चों को पुरुस्कार वितरण किया गया।

### कसमंडा ब्लॉक में भृष्टाचार का बड़ा खुलासा ?

**लोक तंत्र की शान : सीतापुर।** कसमंडा विकास खण्ड अब विकास और भृष्टाचार के आमने-सामने युद्ध का मैदान बन चुका है। ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी और किसान नेता अनिकेत सिंह के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बाद भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट ने पूरे ज़ोर शोर से मोर्चा खोल दिया है। जिला मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान संगठन ने ठेकेदार सेक्रेटरी गठजोड़ के जरिए सरकारी योजनाओं में कथित बड़े घोटाले का खुलासा किया और सभी विकास कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। जिला अध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने साफ कहा कि संगठन किसी दबाव या फर्जी मुकदमों से डरने वाला नहीं है। यदि कोई पदाधिकारी दोषी पाया गया तो कार्यवाही होगी, लेकिन आरोप निराधार पाए गए तो ब्लॉक के सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच जरूरी है,जिला मंत्री अनिकेत सिंह ने आरोप लगाया कि ब्लॉक प्रमुख की आड़ में पूर्व सेक्रेटरी मेहुल यादव,ठेकेदार अभिषेक यादव और शैलेंद्र यादव ब्लॉक का संचालन कर रहे हैं। शौचालय निर्माण और अन्य योजनाओं में कथित करोड़ों रुपये के घोटाले का दावा किया गया। किसान यूनियन ने सोलह फरवरी 2026 को राकेश टिकैत की मौजूदगी में सीतापुर में महाआंदोलन का ऐलान किया। वहीं ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी ने आरोपों को साजिश करार देते हुए चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई होगी। अब कसमंडा विकास खण्ड की जनता देख रही है कि विकास और सत्ता के दलालों का असली चेहरा कौन है।

### सिधौली प्रीमियर लीग सीजन 2 में रोमांचक मुकाबलेः लोधपुरवा 11 और आदर्श 11 ने जीते मैच

**लोक तंत्र की शान : सिधौली** कस्बा स्थित पड़ाव मैदान पर सिधौली प्रीमियर लीग सीजन-2 के दूसरे दिन रोमांचक क्रिकेट मुकाबले खेले गए। इस दौरान लोधपुरवा 11 और आदर्श 11 ने अपने-अपने मैच जीत कर शानदार प्रदर्शन किया। सैकड़ो की संख्या में क्रिकेट प्रेमी इन मुकाबलों को देखने के लिए मैदान में मौजूद रहे। दिन का पहला मैच रिशु इलेवन को 5 विकेट से हराया। इस मैच में शैलेंद्र ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया,उन्होंने 5 विकेट लेने के साथ 22 रन भी बनाए और उन्हें मैच ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला शकील 11 और आदर्श 11 के बीच खेला गया शकील 11 की ओर से शोभित ने 38 रन बनाए और अली ने तीन विकेट लिए। हालांकि,आदर्श 11 ने लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया सरताज ने 48 रनों की प्रभावशाली पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई और उन्हें मैच ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस आयोजन के दूसरे दिन समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रांबिन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश सचिव रामपाल भार्गव,पवन यादव,आईसी आईसी आई बैंक प्रबंधक अवधेश दीक्षित, दिनेश दीक्षित और अनुराग शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

# अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर निरंतर करें कड़ी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

लोकतंत्र की शान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। एक-एक कर सभी प्रार्थियों से उन्होंने मुलाकात की, उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याओं के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, राजस्व से जुड़े अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्याएं सुनें और जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें। 'जनता दर्शन' में पहुंची एक बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सैल्यूट किया। इस पर सीएम योगी ने उसे आशीर्वाद देते हुए खूब मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।



**जनपदों में समस्याएं सुन दोषियों पर करें कार्रवाई** – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष 'जनता दर्शन' में अवैध कब्जे से जुड़े कुछ प्रकरण भी आए। सीएम ने सभी लोगों की बातें सुनीं, फिर प्रार्थना पत्र लेते हुए उचित कार्रवाई का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने जनपदों में तैनात अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे वहां भी समस्याएं सुनते हुए प्रार्थियों को न्याय दिलाएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

**बच्चे के इलाज के लिए सीएम ने दिया आर्थिक मदद का आश्वासन**–'जनता दर्शन' में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंचीं। उनके बच्चे का केजीएमयू में इलाज चल रहा है। महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासी मेरा परिवार हैं। सरकार सभी के सुख-दुख में खड़ी है। पहले दिन से ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। आगे भी यह क्रम चलता रहेगा। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

## राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए एकजुटता से ही देश होगा मजबूतः आचार्य प्रमोद कृष्णम

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर/बुरावलीः** सोमवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम बुरावली में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का ग्रामीणों और समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता रिफाकत चौधरी के आवास पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम का रिफाकत चौधरी ने शॉल ओढ़ाकर और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राष्ट्र की एकता और अखंडता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि "आज निजी स्वार्थ के चलते समाज को जातियों और धर्मों में बांटने की कोशिशें की जा रही हैं। ऐसी विभाजनकारी सोच के चलते राष्ट्र की एकता के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। हमें ऐसी किसी भी सोच को पनपने नहीं देना है और एकजुट होकर इसका डटकर विरोध करना है।" उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्र से बड़ा



कुछ भी नहीं है। जब देश सुरक्षित और संगठित रहेगा, तभी नागरिक खुशहाल रहेंगे। इसलिए सभी को अपने व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर केवल राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र खड़गवंशी, कृष्ण कुमार शर्मा, मनीष त्यागी, जाकिर चौधरी, अखिलेश शास्त्री, रिजवान चौधरी, रोबिन त्यागी सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## 55 हजार की नकदी सहित 5 लाख से अधिक के माल पर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ

लोकतंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** सोमवार को नगर में उसे समय हड़कंप मच गया जब जानकारी मिली कि नगर निवासी चिकित्सक के बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर दोनों कमरों में रखें नगदी लैपटॉप सोने चांदी की ज्वेलरी समेत करीब पांच लाख से अधिक के माल पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बता ते चले कि नगर के अमरोहा अड्डा स्थित चिकित्सक अमरपाल सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह किसी कार्य से दिल्ली गए हुए थे। जबकि उनकी पत्नी नेहा अपने बच्चों के साथ मायके गई हुई थीं। इसी दौरान बंद पड़े मकान के जीने का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दोनों कमरों के ताले तोड़कर करीब पचपन हजार की नकदी तथा चार से पांच तोले सोने की ज्वेलरी



एवं चांदी की दो चेन तथा टीवी, लैपटॉप आदि समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। जैसे ही पीड़ित ने दिल्ली से वापस लौट कर सुबह जीने का ताला टूटा देखा और कमरों में कपड़े बिखरे पड़े देखे तो उनके पैरों के तले की जमीन खिसक गई। वहीं चोरी का अहसास होते ही पीड़ित ने पुलिस को सूचित किया जहां सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एक तरफ नगर के मुख्य बस स्टैंड अतरासी अड्डे के नजदीक घनी आबादी के बीच सड़क किनारे मकान में चोरी होने से मोहल्ले में भय का माहौल व्याप्त है। वही पीड़ित चिकित्सक द्वारा पुलिस को तहरीर दे दी गई है ।

## सिंगापुर की कम्पनी 'एपी मोलर माएर्स्क के प्रमुख ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

लोक तंत्र की शान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को विदेशी निवेशकों से निरंतर समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सिंगापुर की अग्रणी एकीकृत कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रबंध निदेशक रीन पील पेडरसन ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। पेडरसन के साथ विवेक शर्मा, हेड बिजनेस डेवलपमेंट एवं रेगुलेटरी अफेयर्स (भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका क्षेत्र) भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाओं, उद्योगों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल तथा राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित स्वीकृतियां, नीति आधारित प्रोत्साहन और मजबूत कानून व्यवस्था के माध्यम से सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स हब, औद्योगिक कॉरिडोर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते उत्तर प्रदेश निवेश के



लिए एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है। उन्होंने एपी मोलर माएर्स्क को राज्य में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार आवश्यक भूमि, कनेक्टिविटी और नीतिगत सहयोग सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने बताया कि हमने उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों और यहां के निवेश अनुकूल माहौल को लेकर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चा की। हमारी कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है। इस विशेष चर्चा के दौरान हमने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण और अपने व्यवसाय के विस्तार में राज्य सरकार से मिले पूर्ण सहयोग को लेकर अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए। हम भविष्य में भी उत्तर प्रदेश में अपने कारोबार के विस्तार के लिए नए निवेश अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हैं।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने बजट में किए गए जनकल्याणकारी प्रावधानों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मिलकर जताया आभार

लोक तंत्र की शान

**लखनऊः** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने केंद्रीय बजट, 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समावेशी विकास और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाली मजबूत आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों– गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, व्यापारी और शहरी-ग्रामीण आबादी- को साथ लेकर आगे बढ़ने वाला बजट है, जिसमें सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और समेकित विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। श्री शर्मा ने इस जनहितकारी बजट के लिए मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उनका विशेष आभार जताया। प्रधानमंत्री जी से मुलाकात के बाद मंत्री श्री शर्मा ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी से मिलकर उत्तर प्रदेश को विशेष प्राथमिकता देने के लिए उनका भी आभार जताया है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर



भारत से विकसित भारत की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। बजट में किए गए प्रावधान सरकार की स्पष्ट सोच और दीर्घकालीन विकास रणनीति को दर्शाते हैं। बजट में सौर ऊर्जा से संबंधित प्रावधानों के संबंध में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सोलर ग्लास के मुख्य घटक सोडियम एंटीमोनाइट को कस्टम ड्यूटी से छूट दिए जाने से पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय तेजी आएगी। इससे न केवल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा बल्कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ेगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा म्युनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा देने के प्रावधानों से शहरी निकाय आत्मनिर्भर बनेंगे। इससे उनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी, विकास परियोजनाओं में निजी एवं संस्थागत निवेश बढ़ेगा और शहरों में आधारभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार संभव होगा। श्री शर्मा ने बताया कि बजट में टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों के लिए धन आवंटन में वृद्धि से उत्तर प्रदेश के लगभग 45 शहरों में आधारभूत संरचना के विकास को गति मिलेगी। इससे उभरते शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के प्रयास और अधिक सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट के प्रावधानों से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को पक्के आवास का सपना साकार करने का अवसर मिलेगा।

## सम्भल में ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



लोक तंत्र की शान

**सम्भल :** जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी द्वारा शहजादी सराय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, रख-रखाव तथा अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, सील-लॉक सिस्टम एवं रजिस्टरों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा एवं पारदर्शिता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने गोकशी के आरोपियों पर N S A लगाने की उठाई मांग

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**मुरादाबाद /अमरोहाः** बताते चलें कि राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक मांग पत्र प्रेषित किया है जिसमें उन्होंने मांग की है कि हाल ही में हसनपुर जिला अमरोहा की पुलिस ने गोकशी करने वाले 8 अपराधियों जिसमें नाजिम, सोनू ,नफीस, नसीम, राहुल उर्फ समीर, अल्ताफ, तोहित उर्फ तौफीक, जहांगीर जो सभी हसनपुर के निवासी हैं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की थी लेकिन संगठन का मानना है कि यदि इन लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (N S A ) के तहत कार्यवाही नहीं की गई तो यह आरोपी ऐसे ही गायों की हत्या करते रहेंगे, संगठन ने मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के साथ-साथ N S A की कार्यवाही की जाने की भी मांग की है, मुख्यमंत्री को पत्र भेजने वालों में पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सलीम तथा मुरादाबाद जिला अध्यक्ष शरद कुमार जिंदल एवं जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तथा अमरोहा जिला अध्यक्ष तारीख अंसारी शामिल रहे l

## भारतीय जनता पार्टी डबल इंजन की सरकार में बह रही बिकास की गंगाः निर्मल वर्मा विधायक

लोक तंत्र की शान, देवेंद्र सिंह

**सीतापुर/** सकरन ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द में नव निर्मित मनरेगा हाट बाजार एवं मनरेगा पार्क का उद्घाटन बिसवा विधायक निर्मल वर्मा जी सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान जी के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने मनरेगा पार्क बनने से ग्राम पंचायत के बच्चों को ग्राम पंचायत में ही सभी खेल की सुविधाएं प्रदान होगी खेल भी बच्चों के लिए बहुत जरूरी होता है खेल भी एक बिकास का रास्ता होता है विद्यायक निर्मल वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम आपके घर परिवार के है अपनी बिस्वा विधान सभा का मूल निवासी हु हम आपके हर सुख दुख रात दिन



आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर समय साथ खड़े रहेंगे आज माननीय निर्मल वर्मा के द्वारा जमला पुर से पिपरा तक रोड का उद्घाटन किया गया ग्राम पंचायत नकैला में मनरेगा पार्क का उद्घाटन किया गया विधायक ने बताया कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बिकास की गंगा बहा रही है ग्राम पंचायत में बिकास कार्य दिख रहे है मनरेगा हाट बाजार का निर्माण होने से क्षेत्र का बिकास और दुकानदार को अच्छी सुविधा मिलेगी ग्राम प्रधान राहुल सिंह ने बताया कि चार साल में अपनी ग्राम पंचायत में खड़ंजा नाली हाट बाजार मनरेगा पार्क इंटरलिंक स्कूल आदि के समस्त कार्य कराए है उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सकरन ब्लाक प्रमुख श्री कृष्ण कुमार वर्मा प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदर लाल तिवारी जलीस अंसारी प्रधान बृजेश सिंह प्रधान मदन लाल प्रधान अनिक कुमार प्रधान ग्राम पंचायत सचिव बिनय लोधी अजय प्रधान मानू वर्मा प्रधान अटल बिहारी मिश्रा उपेन्द सिंह प्रधान राहुल बाजपेई जी रिंकू वर्मा जिला उपाध्यक्ष राष्टीय बजरंग दल कृपा शंकर जिला अध्यक्ष किसान परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल राकेश वर्मा सर्वेश कुमार बजरंगी नीरज कुमार महा मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल शिव शंकर शुक्ला शैलेन्द्र सिंह राम जीवन जायसवाल दिले राम बिनोद कुमार जायसवाल आदि हजारों लोग उपस्थित रहे

संक्षिप्त समाचार

## कश्मीर-हिमाचल में हो रही बर्फबारी का बिहार में भी असर, पछुआ हवा ने बढ़ाई ठंड



**पटना।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी का असर बिहार में भी देखने को मिल रहा है। प्रदेश में पछुआ हवा चल रही है, जिससे रात में ठंड अधिक महसूस की जा रही है। हालांकि, दिन में धूप निकलने की वजह से ठंड से राहत मिल रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अब धीरे-धीरे मौसम में बदलाव आएगा। प्रदेश के अधिकतर जिलों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड कम होगी। हालांकि सुबह और रात में हल्की ठंड बनी रहेगी। फिलहाल, प्रदेश के सभी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा और कहीं भी घने कोहरे को लेकर अलर्ट नहीं है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान 8 से 14 और अधिकतम तापमान 20 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। फरवरी का मौसम सुहावना रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि फरवरी में कभी-कभी हल्की ठंड महसूस होगी, लेकिन जनवरी जैसी कड़ाके की ठंड की संभावना नहीं है।

## महाशिवरात्रि पर वैशाली में निकलेगी भव्य शिव बारात, आयोजन समिति ने बैठक कर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**हाजीपुर।** आगामी महाशिवरात्रि के अवसर पर वैशाली के बिदुपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित चेचर मंदिर से भगवान भोलेनाथ की एक भव्य झांकी निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के लोगों, पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की, जिसमें सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष की शोभायात्रा अत्यंत भव्य होगी। यह शोभायात्रा भगवान शिव की बारात के रूप में होगी, जिसमें पारंपरिक बैंड-बाजा, सजे-धजे घोड़े और बैल शिव के गणों के प्रतीक के रूप में शामिल होंगे।



पूरे आयोजन के संचालन की जिम्मेदारी सुधीर कुमार सिंह और नमो नारायण सिंह को सौंपी गई है। झांकी का मार्ग भी निर्धारित कर दिया गया है। यह भव्य शोभायात्रा चेचर मंदिर से शुरू होकर चेचर चौक से गुजरेगी और खालसा चौक की ओर बढ़ेगी। इसके बाद यात्रा मुकेश कुमार सिन्हा (संजीव सिन्हा) के निवास स्थान तक पहुंचेगी, जहां उनके दरवाजे पर भगवान शिव की विशेष आरती और पूजन का कार्यक्रम होगा। आरती के पश्चात झांकी वापस चेचर मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। शाम सात बजे मंदिर परिसर में ही शिव विवाह का पारंपरिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया जाएगा। इस तैयारी बैठक में मंदिर के मठाधीश उदय गिरी, कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव नमो नारायण सिंह और धरम सिंह सहित क्षेत्र के अनेक युवा समाजसेवी तथा ग्रामीण उपस्थित थे। इनमें सुभाष कुमार सिंह, सुधीर सिंह और लक्की प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर इस धार्मिक उत्सव को सांस्कृतिक एकता और उत्साह के साथ मनाने का संकल्प लिया। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है।

## नवजात का शव मिला, रात भर रोने की आवाज सुनते रहे लोग, सुबह मृत मिला, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**हाजीपुर।** सारण जिले के हरिहर नाथ थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव में सोमवार सुबह एक नवजात बच्चे का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वैशाली जिले के हाजीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरिहर नाथ थाना के पुलिस अधिकारी शैलेंद्र माझी ने बताया कि उन्हें सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे आनंदपुर गांव से सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे एक नवजात बच्चे का शव पड़ा हुआ था। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की, तो



पता चला कि रविवार रात करीब 10:00 बजे बच्चे के रोने की आवाज सुनी गई थी। नवजात बच्चा देखने में दो से तीन दिन का लग रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। शैलेंद्र माझी ने आगे बताया कि स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि बच्चा पूरी रात रो रहा था। हालांकि, डर के कारण कोई बच्चे के पास नहीं गया। सुबह जब लोगों ने वहां जाकर देखा, तो बच्चा मृत पड़ा था। पुलिस के अनुसार, नवजात का जन्म लगभग दो दिन पहले हुआ होगा। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बच्चे को सड़क किनारे किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर गौर कर रही है, जिसमें बच्चे को जन्म के बाद त्यागने की संभावना भी शामिल है।

## सोनपुर मंडल में हेल्थ चेकअप कैंपःविभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में महिलाओं के लिए निःशुल्क जांच शिविर

**हाजीपुर।** सोनपुर मंडल में महिला कल्याण संगठन द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोग-निवारण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मंडलीय रेलवे अस्पताल, सोनपुर में भी यह शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान, मंडलीय रेलवे अस्पताल, सोनपुर के अनुभवी चिकित्सकों ने महिलाओं की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच (बेसिक हेल्थ स्क्रीनिंग) की। उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय जांच और मुफ्त परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने महिलाओं को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कैंसर जैसी गंभीर



बीमारियों के प्रति जागरूक किया, और समय पर जांच, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा सतर्कता के महत्व पर बल दिया। इस शिविर में मंडल की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों से कुल 330 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इनमें मंडलीय रेलवे अस्पताल, सोनपुर से 85, उप-मंडलीय रेलवे अस्पताल से 72, हेल्थ यूनिट गड़हारा से 72, बरौनी से 35, थाना बिहपुर से 32 और मानसी से 34 महिलाएं शामिल थीं। इसी अवसर पर, महिला कल्याण संगठन, सोनपुर की अध्यक्षा ने मंडलीय रेलवे अस्पताल में भर्ती मरीजों को कंबल और फल वितरित किए। इस दौरान संगठन की सचिव श्रीमती रितु कुमार और कोषाध्यक्ष श्रीमती कंचन लता सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थीं। शिविर में शामिल महिलाओं ने महिला कल्याण संगठन सोनपुर की इस पहल की सराहना की।

# पटना के 84 केंद्रों में छात्रों की एंट्री शुरू, 55964 परीक्षार्थी देंगे एग्जाम

एजेंसी, पटना

पटना में बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा आज यानी 2 फरवरी से शुरू हो गई है, जो 13 फरवरी तक चलेगी। प्रदेश के 1,762 सेंटर्स पर 2 पालियों में परीक्षा हो रही है। इसमें 13,17,846 परीक्षार्थी शामिल हों रहे हैं, जिनमें 6,75,844 छात्राएं और 6,42,002 छात्र शामिल हैं। आज पहले पाली में बायोलॉजी और फिलॉस्फी का एग्जाम हुई, जिसमें 5,02,317 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, अब दूसरी पाली में इकोनॉमिक्स की परीक्षा होगी, जिसमें 55,964 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा आज से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगी।

**परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की दिखी भीड़:** आज सुबह से ही सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गई। प्रवेश से पहले छात्रों की सघन तलाशी ली गई और प्रवेश पत्र की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर जाने की अनुमति दी गई। जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार, परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के अलावा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। केंद्रों के आसपास भीड़ जमा न हो, इसके लिए पुलिस




बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है।

**देर से पहुंचने पर रोका तो गेट फांदकर घुसी छात्राएं:** बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल गांधी मैदान में एक छात्रा लेट से आई है। उसे अंदर इंट्री नहीं दी जा रही है। अंदर इंट्री नहीं देने पर छात्राएं रो रही है। इस दौरान 3 छात्राओं ने गेट फांदकर सेंटर के अंदर चली गईं। लेकिन महिला पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया है।

**पटना जिले में 84 एग्जाम सेंट, 4 मॉडल सेंटर:** पटना जिले भर में कुल 84 एग्जाम सेंटर्स बनाए गए हैं, जिनमें पटना सदर, पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी और पालीगंज अनुमंडल शामिल हैं। परीक्षा में जिले के कुल 73,963 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। जिले में कुल 4 मॉडल परीक्षा सेंटर भी बनाए गए हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूरी तरह प्रतिबंध:** परीक्षा को नकलमुक्त बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूरी तरह प्रतिबंध है। दो स्तर पर फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी तरह की नकल को रोका जा सके। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा की जा रही है।

**गश्ती दंडाधिकारी और उड़नदस्ता की तैनाती:** जिला प्रशासन की ओर से स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारी और उड़नदस्ता की तैनाती की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गई है। फोटोस्टेट दुकानों को भी परीक्षा अवधि में बंद रखने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि कदाचार या अव्यवस्था पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में परीक्षा दे सकें।

# डॉक्टर दंपती के घर डकैती करने वाले 2 गिरफ्तार

एजेंसी, पटना



◆ 4 बदमाशों की गिरफ्तारी अभी बाकी, वारदात से पहले घरों की हुई थी रेकी

पटना के अगमकुआं थाना के हाउसिंग कॉलोनी में 31 जनवरी की रात डकैती हुई थी। बदमाश डॉक्टर दंपती के जेवर ले गए थे। यहां तक की हाथ में सोने की चूड़ी भी नहीं छोड़ी थी। दंपती ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट भी की। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने आज मामले में बताया कि बदमाशों ने वारदात से पहले इलाके के 3-4 घरों की रेकी की थी। पूरी प्लानिंग शक्ति कुमार उर्फ शक्ति सिंह ने की थी। शक्ति ने उदय भूषण समेत अन्य 4 बदमाशों के साथ 31 जनवरी की रात घटना को अंजाम देने की प्लानिंग शेयर की।

उदय एक बोलेरो को लेकर निकला था। जिसकी गाड़ी थी उसे नहीं पता था कि उयद गाड़ी लेकर निकला है। उदय ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया था। सभी बदमाश हाउसिंग कॉलोनी पहुंचे। दंपती के घर का दरवाजा तोड़ा और वारदात को अंजाम दिया। उदय भूषण और शक्ति कुमार उर्फ शक्ति सिंह को अरेस्ट कर लिया गया है।

बख्तियारपुर और सालिमपुर के रहने वाले हैं अपराधी पूर्वी SP परिचय कुमार ने बताया कि अपराधियों की निशानदेही पर इस घटना में शामिल अन्य 4 अपराधियों की पहचान हो गई है। सभी सालिमपुर और बख्तियारपुर के रहने वाले हैं। हालांकि अभी तक लूटी गई डायमंड की नेकलेश और सोने की चूड़ी बरामद नहीं हुई है। लगातार छापेमारी जारी है। प्रयास जारी है। बहुत जल्द अन्य अपराधियों को भी पकड़ लिया जाएगा। शक्ति कुमार उर्फ शक्ति सिंह का आपराधिक इतिहास है। पहले भी लूट के मामले में संलिप्त रहा है। वहीं, उदय भूषण (57) ड्राइवर है। भाड़े की गाड़ी चलाता है।

## विधानसभा में लड़खड़ाते हुए पहुंचे तेजस्वी, सीएम ने पूछा-क्या हुआ

एजेंसी, पटना

बिहार विधानसभा के बजट सत्र की आज से शुरुआत हुई। वित्त मंत्री बिजेंद्र यादव ने सरकार की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इससे पहले सेंट्रल हॉल में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। 30 मिनट के अभिभाषण में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। लॉ-एंड-ऑर्डर पर बोलते समय राज्यपाल मुस्कुराते दिखे, वहीं नीतीश और तेजस्वी भी हंस पड़े।

राज्यपाल ने कहा, 'बिहार में कानून का राज है। नीतीश सरकार ने हर सेक्टर के विकास के लिए काम किया। चाहे वो स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो या महिला सशक्तिकरण। प्रदेश में आज सड़कों का जाल है। नए एक्सप्रेस वे बन रहे हैं।' राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा,'बिहार



के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है, इसके लिए मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।'

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पैर के अंगूठे का ऑपरेशन हुआ है। वो व्हील चेयर से सदन पहुंचे। CM ने उनका हालचाल पूछा। करीब 20 सेकेंड तक दोनों के बीच बातचीत हुई। इस दौरान डिप्टी CM सम्राट चौधरी मुस्कुराते रहे। दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही विधानसभा की कार्यवाही कल मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# पटना में छात्रों का प्रदर्शन, बैरिकेडिंग तोड़ी, एक छात्र बेहोश, पुलिस टांगकर अस्पताल ले गई

एजेंसी, पटना

UGC के नए नियम लागू करने की मांग को लेकर पटना में छात्रों ने प्रदर्शन किया। पटना कॉलेज से गांधी मैदान तक छात्र मार्च निकाल रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें जेपी गोलंबर के पास रोक दिया। जेपी गोलंबर पर पहले से बैरिकेडिंग की गई थी। हालात को देखते हुए पुलिस ने वाटर कैनन की गाड़ी भी मंगवाई। इस दौरान छात्र बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। कुछ देर बाद छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई, जिसके बाद पुलिस ने कई छात्रों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।



करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान एक छात्र बेहोश हो गया। पुलिसकर्मी उसे टांगकर अपनी गाड़ी में बैठाकर अस्पताल ले गए। प्रदर्शन के दौरान गांधी मैदान इलाके में लंबा जाम लग गया, जिसमें कई स्कूल बसें भी फंसी रहीं। छात्र नेता मनीष यादव ने कहा, "मैं सर पर कफन बांधकर निकला हूं। सरकार को नए नियम लागू करने ही होंगे। हम पीछे नहीं हटेंगे।" पुलिस मनीष यादव को पूछताछ के लिए कोतवाली थाने ले गई।

**सुप्रीम कोर्ट ने UGC के नए नियम पर लगाई रोक:** बता दें कि 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में भेदभाव रोकने से जुड़े UGC के नए नियमों पर रोक लगा दी थी। कोर्ट का कहना था कि नियमों के प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका है। UGC के वर्ष 2012 के नियमों में संशोधन के बाद 13 जनवरी 2026 को नए नियम जारी किए गए थे। छात्रों का एक वर्ग इन नियमों को जरूरी बता रहा है, जबकि दूसरा वर्ग इसका विरोध कर रहा है।

# पालीगंज में बाइक पेड़ से टकराई, 1 की मौत, तीन दोस्त घूमने के लिए निकले थे

एजेंसी, पटना

पटना जिले के पालीगंज में सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक की मौत हुई है, जबकि 2 घायल हुए हैं। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय रवि पासवान के रूप में हुई है, जो प्रभु पासवान का बेटा था, जबकि घायलों में गौतम कुमार और शिव कुमार शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए पटना एम्स रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मौत के बाद परिवार में मातम है। बाइक सवार तीनों युवक एक ही गांव के बताए जा रहे हैं। घायल गौतम पासवान के पिता कमलेश पासवान ने बताया कि बेटा अपने दोस्तों के साथ पालीगंज बाजार गया था। बाजार से घर लौटते समय फतेहपुर के पास हादसा हुआ। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और



घर पहुंचने से पहले हादसा, 2 घायल

स्थानीय लोगों ने पेड़ से टक्कर लगने की जानकारी दी।

थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की ओर से जानकारी मिली कि पालीगंज थानाक्षेत्र के फतेहपुर के पास एक बाइक सवार ने पेड़ में टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। इलाज पटना एम्स में चल रहा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंची। शव को कब्जे में ले लिया। तीनों लोग एक ही बाइक से अपने घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# मोकामा विधायक अनंत सिंह आज लेंगे विधायक पद की शपथ

एजेंसी, पटना

मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह मंगलवार को विधायक पद की शपथ लेंगे। पटना सिविल कोर्ट के फैसले के बाद उनके शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। अनंत सिंह फिलहाल दुलारचंद यादव हत्याकांड में न्यायिक हिरासत में पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। अब वे 3 महीने बाद थपथ लेने के लिए जेल से बाहर आ रहे हैं। दुलारचंद हत्याकांड मामले में सिविल कोर्ट से बेल रिजेक्ट होने के बाद बाहुबली ने 24 दिसंबर को हाईकोर्ट में अर्जी दी थी। जल्द ही इस मामले में सुनवाई हो सकती है।

**अनंत सिंह ने विधायक पद की शपथ भी नहीं ली है:** बिहार विधानसभा में 242 विधायक शपथ ले चुके हैं। बाहुबली अनंत सिंह ने शपथ नहीं ली है। अनंत सिंह जेल में बंद हैं। इस कारण शपथ नहीं ले सके।

**28206 वोट से जीते अनंत सिंह:** अनंत सिंह 28206 वोटों के अंतर से मोकामा सीट से जीतकर विधायक बने हैं। उन्हें 91416 वोट मिले। दूसरे नंबर पर राजद की प्रत्याशी वीणा देवी रहीं। उन्हें 63210 वोट मिले। अनंत सिंह की जीत के जश्न में पुराने बंगले में करीब 50 हजार लोगों के लिए भोज की व्यवस्था की गई थी।

**2020 में कोर्ट ने अनंत सिंह को दी थी इजाजत:** 2020 विधानसभा चुनाव में भी अनंत सिंह



❑ पटना सिविल कोर्ट का फैसला, दुलारचंद यादव हत्याकांड में 3 महीने से जेल में बंद हैं

जेल से ही चुनाव जीते थे। जब विधानसभा का सत्र शुरू हुआ तो उन्होंने शपथ लेने के लिए पैरोल मांगी। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और उन्होंने विधानसभा में आकर शपथ ली थी।

## महाशिवरात्रि महोत्सव, 2 शिव विवाह रथ प्रचार के लिए रवाना

एजेंसी, पटना

पटना में महाशिवरात्रि को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। 15 फरवरी को श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा अभिनंदन समिति की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। इसे लेकर आज 2 शिव विवाह रथों को झंडी दिखाकर रवाना किया जो पूरे पटना में महोत्सव का प्रचार करेंगी। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से 31 शोभायात्राएं और शिव-बारात झांकियां निकाली जाएंगी। इस बार 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' और 'विराट रामायण मंदिर में 33 फुट ऊंचे शिवलिंग' की थीम पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**तांडव नृत्य, गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा:** समिति के संयोजक और विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने बताया कि खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में मुख्य



समारोह होगा। जहां शोभायात्राओं के स्वागत के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, तांडव नृत्य, गंगा आरती और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री, धर्माचार्य और समाज के प्रबुद्ध लोग भाग लेंगे और शोभायात्राओं के अभिनंदन के साथ झांकियों की आरती उतारेंगे। मुख्य मंच पर शोभायात्रा समितियों को प्रतीक चिह्न, मेडल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. चौरसिया ने बताया कि महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# विधायक दल के नेता को लेकर कांग्रेस की बैठक, राजेश राम, अल्लावरू सहित 6 विधायक रहेंगे मौजूद

एजेंसी, पटना

बिहार विधानसभा का सत्र शुरू हो चुका है और कांग्रेस ने अभी तक विधायक दल के नेता का ऐलान नहीं किया है। इसे लेकर आज शाम 7 बजे पटना के एक होटल में कांग्रेस की बड़ी बैठक है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू सहित बिहार के सभी 6 विधायक मौजूद रहेंगे। बैठक में विधायक दल के नेता को लेकर अंतिम मुहर लगेगी। पार्टी के 6 विधायकों के बीच इस पर आपस में सहमति नहीं बन पाने के कारण अब तक यह मामला अटका हुआ है।

**विधायक दल के नेता पर लगा सकती है अंतिम मुहर:** विधानसभा चुनाव परिणाम के 2 महीने बाद भी कांग्रेस प्रदेश में विधायक दल का नेता नहीं चुन पाई है। इस बीच विधानसभा का एक सत्र बीत चुका है और आज से बजट सत्र शुरू है। 23 जनवरी को दिल्ली में बिहार कांग्रेस की बड़ी बैठक थी। ऐसे में दिल्ली तलब किए गए विधायकों की मौजूदगी में आलाकमान



बिहार में विधायक दल के नेता पर अंतिम मुहर लगाने की बात थी। मगर तब भी बात नहीं बनी। आज इसपर अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

**बैठक में नहीं मौजूद रहने पर पार्टी छोड़ने की अफवाह:** प्रदेश नेतृत्व की ओर से सदाकत आश्रम में बुलाई गई बैठकों में कई विधायक मौजूद नहीं रहे थे। उनकी गैरमौजूदगी के बाद अब दिल्ली में क्राइसिस मैनेजमेंट की कवायद की गई है। मनरेगा आंदोलन के लिए बुलाई गई बैठक में कांग्रेस के 2 विधायक मौजूद नहीं थे। इस बैठक में चनपटिया के अभिषेक रंजन और वाल्मीकिनगर के सुरेंद्र प्रसाद नहीं आए थे। वहीं, सोमवार को प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू की बुलाई बैठक में भी मनिहारी के विधायक मनोहर सिंह मौजूद नहीं थे। इसके बाद से ही कांग्रेस में टूट की कयास लगाई जा रही थी।

**2 विधायकों पर विचार कर रहा कांग्रेस:** कांग्रेस विधायकी या सांगठनिक वरीयता के आधार पर विधायक दल का नेता चुन सकती है। इसमें मनिहारी से विधायक मनोहर प्रसाद सिंह और चनपटिया से अभिषेक रंजन का नाम सामने आ रहा है। मनोहर प्रसाद सिंह चौथी बार विधायक चुने गए हैं। वे आदिवासी समुदाय से आते हैं। वहीं, अभिषेक रंजन पहली बार विधायक बने हैं, परंतु युवा कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। आज की बैठक में सभी विधायकों से आलाकमान वन टू वन बातकर उनकी नाराजगी का कारण जानने की भी कोशिश करेगी। उनसे बातचीत के आधार पर पार्टी संगठन में उनकी भूमिका बढ़ाने की भी कवायद करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनीपतः साथियों का निलंबन रद्द करने की मांग पर पटवारियों ने दिया धरना

**लोकतंत्र की शान : सोनीपत**। सोनीपत के मिनी सचिवालय के सामने सोमवार को पटवारी और कानूनगो ने निलंबन के विरोध में सांकेतिक धरना दिया। यह धरना द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से निलंबित किए गए छह पटवारियों की बहाली की मांग करते हुए बुधवार तक का अल्टीमेटम दिया है। पटवारी संगठन ने कहा कि सीमित संसाधनों और कम समय में अधिक काम कराए जाने के बावजूद सरकार ने कठोर कदम उठाते हुए निलंबन की कार्रवाई की। संगठन का आरोप है कि बिना सरकारी टैबलेट के गिरदावरी और खराब फसल सत्यापन जैसे कार्य निजी मोबाइल फोन से कराए गए, जिससे तकनीकी त्रुटियों की संभावना बनी। घटना के अनुसार, शुक्रवार को धरना शुरू किया गया था, लेकिन शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण प्रदर्शन स्थगित रहा। सोमवार को फिर से धरना दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पटवारी और कानूनगो शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई और निलंबन वापस लेने की मांग दोहराई गई। संगठन के अनुसार, यदि बुधवार तक सरकार ने बातचीत कर समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मांगें न मानी गईं तो पूरे हरियाणा में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। पूरा मामला करीब दो महीने पहले क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल नुकसान की एक ही फोटो बार-बार अपलोड होने से जुड़ा है। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई करते हुए छह पटवारियों को निलंबित किया था। धरने के चलते मिनी सचिवालय में कामकाज प्रभावित रहा और आम लोग परेशान नजर आए।

### पानीपतः बंद पड़े मकान में नकदी सहित आभूषणों की चोरी

**लोकतंत्र की शान : पानीपत**। बंद पड़े मकान में चोर मकान का ताला तोड़ कर, घर से नकदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना पड़ोसियों ने मकान मालिक को दी। मकान मालिक ने आकर चोरी की सूचना पुलिस को दी है। वार्ड तीन निवासी शिकायतकर्ता अलियास ने पुलिस को बताया कि वह करीब दो महीने पहले अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश में काम से गया था। जाने से पहले वह अपने घर पर ताला लगाकर गया था। रविवार को अलियास को उसके पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही जब वह वापस पानीपत पहुंचा, तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और आलियास की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आस पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। थाना किला प्रभारी सुरेश ने बताया कि अलियास की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### बच्चों से भरी स्कूल बस खेत में गिरी, बड़ा हादसा टला

**लोकतंत्र की शान : हरिद्वार**। कलियर क्षेत्र में खनन से जुड़े ओवरलोड भारी वाहनों के कारण सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक निजी स्कूल बस सोहलपुर के पास सड़क से उतरकर खेत में जा गिरी। बस में लगभग 35 बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल बस सोहलपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सड़क पर खड़े खनन से भरे एक ओवरलोड डंपर को बचाने के प्रयास में बस चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस सड़क किनारे खेत में जा गिरी। बस के खेत में गिरते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सभी बच्चों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंचे भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में खनन से भरे ओवरलोड डंपरों को लेकर कड़ा विरोध जताया। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए इमलीखेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और खनन से भरे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें कब्जे में ले लिया। इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली ने बताया कि करीब आधा दर्जन डंपरों को चौकी में खड़ा कराया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

**लोकतंत्र की शान : : जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से समाधान करने, प्रकरणों का समयबद्ध फॉलोअप सुनिश्चित करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। हमारी नीतियों और नीयत के केंद्र में लोककल्याण है। उन्होंने दो टूक कहा कि जनसेवा की भावना से कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई में महिलाएं, युवा, दिव्यांगजन और वृद्धजन सहित बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे, जो अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान से संतुष्ट नजर आए।

# गणेश स्कूल में लगी विज्ञान-कंप्यूटर प्रदर्शनी

**नन्हे वैज्ञानिकों ने गढ़ा देश का भविष्य**

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो

**सीधी**। स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा में विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रदर्शनी का आयोजन बड़े उत्साह और शैक्षणिक वातावरण में किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान और तकनीक आधारित आकर्षक मॉडल व प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने स्टॉल पर खड़े होकर मॉडलों की कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाया। लाइव डेमो के माध्यम से छात्रों ने यह भी बताया कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच का उपयोग दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान में किस प्रकार किया जा सकता है। बच्चों का आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल और तकनीकी समझ सराहनीय रही। प्रदर्शनी में स्मार्ट टोल गेट, स्मार्ट रेलवे




स्टेशन, ऑटोमैटिक स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट सिटी मॉडल, वॉटर प्यूरीफायर, वर्किंग हार्ट मॉडल, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम, मेटल डिटेक्टर जैसे कई नवाचारी मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र बने। विद्यार्थियों ने सेंसर तकनीक, ऑटोमेशन, ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छता और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संचालक नीरज शर्मा ने कहा कि आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में कौशल, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना भी है। विशिष्ट अतिथि अरुण ओझा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वयं बनाकर सीखने से ज्ञान स्थायी होता है। प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक और प्रयोगात्मक शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की एच.एम. माएमा सिमन्स ने की, जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूरी प्रदर्शनी का ढांचा तैयार किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक बंसभान यादव एवं संदीप पटेल ने किया। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ मॉडलों का चयन कर विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

## जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल बने हरियाणा प्रदेश प्रशिक्षण टोली के सदस्य

लोकतंत्र की शान,राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट



**करनालः** हरियाणा में भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों के लिए उर्जा एवं सकारात्मकता प्रदान करने एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी की मुख्य धारा से जोड़ने एवं पार्टी को जमीनी स्तर तक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर लगाने जा रही है इसके लिए पार्टी ने पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेताओं को इसका जिम्मा सोंपा है। करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल को उनकी काबिलियत को देखते हुए इस टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा इस टीम में हरियाणा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता, प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य, बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश अत्रे, जिला प्रभारी मदन गोयल, प्रशिक्षण विभाग प्रदेश प्रमुख शेलेंद्र पांडेय को प्रदेश प्रशिक्षण टोली को भी इस कार्यसमिति में शामिल किया गया है। वर्ष 1994 से भाजपा के सक्रिय सदस्य भारत भूषण जुआल को भाजपा संगठन में काफी अनुभव है। हरियाणा में ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष भारत भूषण जुआल जोकि वर्तमान में पिछले 2 वर्षों से करनाल में बड़ी बखूबी से जिला प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं और इनकी कार्यकुशलता को देखते हुए हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने इन्हें मन की बात कार्यक्रम का प्रदेश सह प्रमुख भी नियुक्त किया है। भारत भूषण जुआल जिन्हें चुनाव लड़वाने का लम्बा अनुभव है वह इससे पूर्व यमुनानगर के जिला प्रशिक्षण प्रमुख एवं जिला सदस्यता प्रमुख के अतिरिक्त हरियाणा प्रदेश में प्रवक्ता के महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं ।

## केंद्रीय बजट से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत - प्रवीण लाठर

लोकतंत्र की शान, राजेंद्र करनाल कीरिपोर्ट



**करनालः** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 9वीं बार पूर्णकालिक बजट पेश कर दिया है। केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, नगर निगम मेयर रेणुबाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बजट का प्रसारण सुना। केंद्रीय बजट की पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है।यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है।इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी विकसित भारत की नींव मजबूत होगी. भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस को स्पीड मिलेगी. बजट हमारे विजन को साकार करता है. उन्होंने निर्मला सीतारमण की तारीफ करते हुए कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने केन्द्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसमें नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है. उन्होंने कहा कि महिला वित्त मंत्री के रूप में लगातार 9वीं बार बजट पेश कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो अपार अवसरों का नया राजमार्ग है. साथ ही, वर्तमान के सपनों को साकार करता है. उन्होंने कहा कि यह बजट भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है और 2047 के विकसित भारत के ऊंची उड़ान के मजबूत आधार है। इस मौके पर उपस्थित सभी ने इस बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के सपनों को साकार करेगा।

## छात्र संगठन की कालेज प्रशासन को चेतावनी

» सात दिन में नहीं सुधरी व्यवस्था तो होंगा आंदोलन, सौंपा ज्ञापन
» कन्या महाविद्यालय सीधी का मामला

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पाण्डेय ब्यूरो



**सीधी**। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीधी में व्याप्त गंभीर शैक्षणिक एवं बुनियादी अव्यवस्थाओं को लेकर आज नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में महाविद्यालय की जर्जर भवन स्थिति, सभी शैक्षणिक विभागों एवं प्रयोगशालाओं के बंद रहने, शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति तथा छात्राओं को मूलभूत शैक्षणिक सुविधाएँ न मिलने जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही एनएसयूआई ने यह भी उजागर किया कि महाविद्यालय में महिला छात्राओं के वॉशरूम की स्थिति अत्यंत खराब, अस्वच्छ एवं अमानवीय बनी हुई है। आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी एक कन्या महाविद्यालय में शौचालयों की यह दुर्दशा, छात्राओं की गरिमा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है और महिला सशक्तिकरण के दावों की वास्तविकता को उजागर करती है। इस दौरान प्राचार्य द्वारा ज्ञापन में रखी गई सभी मांगों को जायज़ मानते हुए स्वीकार किया गया तथा शीघ्र आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि हमारी सभी मांगें पूर्णतः जायज है, छात्रहित में एवं मानवीय संवेदनाओं से युक्त हैं। यदि 7 दिवस के भीतर इन मांगों पर ठोस एवं धरातलीय कार्यवाही नहीं होती है तो एनएसयूआई को विवश होकर छात्रहित में आंदोलन, महाविद्यालय का घेराव एवं अन्य लोकतांत्रिक कदम उठाने पड़ेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि संगठन छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा और आवश्यकता पड़ने पर इस विषय को जिला प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग तक मजबूती से उठाया जाएगा। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह चौहान, आदित्य, हर्षित पांडेय, रीना जायसवाल, स्वरित, पूजा पांडेय, स्वाति, विक्रम सिंह चौहान, उत्कर्ष पांडेय, रागिनी, रिया सिंह, दिव्यांशी एवं कशिश सहित अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## अधिकारियों के सह से करोड़ों के बजट को लग रही चपथ

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पाण्डेय ब्यूरो

**सीधी**। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम संभाग रीवा अंतर्गत वर्क आर्डर के नाम पर करोड़ों का खेल हो रहा है जिसमें मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मापदंड एवं शर्तों को दरकिनार कर वर्क आर्डर के माध्यम से अधिक से अधिक मुनाफा अर्जित करना निर्माण कार्य का मापदंड बन गया है। ताजा मामला सीधी एवं शहडोल जिला के सीमा में बनास नदी पुल के पास बन रही सड़क सुरक्षा दीवाल में देखा जा सकता है जहां महाप्रबंधक मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम रीवा के मुताबिक उक्त निर्माण कार्य वर्क आर्डर के तहत स्वीकृत किया गया है जिसमें स्वीकृत राशि 2.88 करोड़ रुपए है,निर्माण एजेंसी एस एन कंस्ट्रक्शन है। जानकारों के मुताबिक कोई भी निर्माण कार्य जिसकी लागत 5 लाख से ज्यादा है उसकी स्वीकृत टेंडर वर्क के आधार पर होनी चाहिए।दूसरी बात निर्माण कार्य के संबंध में साफ तौर पर नियम निर्धारित किए गए हैं कि किसी भी निर्माण कार्य के पूर्व सूचना पटल लगाया जाना चाहिए जिसमें निर्माण कार्य का प्राक्कलन,निर्माण कार्य की समय सीमा,मजदूरों की दैनिक मजदूरी,तकनीकी अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर वगैरा सूचना पटल में दर्ज होनी चाहिए अगर ऐसा नहीं किया जाता है फिर भी निर्माण कार्य जारी है तो सवाल उठना स्वाभाविक है।



**तकनीकी अमला सवालों के घेरे में,-** किसी भी निर्माण कार्य में तकनीकी अमले की मुख्य भूमिका होती है अगर निर्माण कार्य के संबंध में तकनीकी अमला द्वारा स्टीमेट बनाया जाता है जिसमे लागत से दोगुना या तीन गुना ज्यादा का स्टीमेट बनाया गया है तो तकनीकी अमला भी सवालों के घेरे में होगा।अगर निर्माण कार्य में निर्धारित मापदंड एवं शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है तो तकनीकी अमला द्वारा विभाग को प्रतिवेदन देने की जिम्मेदारी भी उसी की होती है।

**सेंहड़ा नदी के पुल में हो रहा है खेल**-सीधी जिले के सेहड़ा नदी में बने पुल जो सीधी से मड़वास रोड में स्थित है उसमें भी पुल मरम्मत का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें भी इसी तरह का खेल विभाग द्वारा किया जा रहा है जहां भी निर्माण कार्य के मापदंड एवं शर्तों का पालन नहीं हो रहा है।

**इनका कहना हैं**। बनास पुल के पास हो रहा निर्माण कार्य वर्क आर्डर के तहत एस एन कंस्ट्रक्शन के नाम स्वीकृत किया गया है जिसमें स्वीकृत राशि 2.88 करोड़ है एवं समय सीमा 2 माह की है। विनोद टांटवे, जीएम मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम रीवा।

## महुआडाबरा क्षेत्र में पेयजल संकट से राहत मिलेगी

लोकतंत्र की शान,

**उधमसिंहनगर**। पेयजल संकट से जसपुर विधानसभा के महुआडाबरा क्षेत्र के लोगों को जल्द निजात मिल सकेगी। इसके लिए पेयजल संसाधन विकास व निर्माण निगम डीपीआर तैयार कर रहा है। करीब 35 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना के बनने से साढ़े ग्यारह से अधिक आबादी को पेयजल संकट से निजात मिलेगा। महुवाड़ाबरा क्षेत्र में अभी तक लोग हैंड पंपों पर पेयजल आपूर्ति के लिए निर्भर हैं। महुवाडाबरा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल लाइनों को बिछाने की मांग की जा रही थी। ऐसे में अब पेयजल विभाग इस कार्ययोजना पर नवीन बाह्य सामयिक योजना के तहत काम कर रहा है। गांव में ही ओवरहेड टैंक बनकर लगभग 1800 घरों में सीधे पेयजल लाइनें पहुंचाई जाएगी। एक ओवर हैड टैंक की क्षमता 1400 किलो लीटर होगी। पेयजल निगम के अधिकारियों के मुताबिक जल्द डिजाइन बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इस क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल लाइनों की मांग की जा रही है। विभाग 35 करोड़ की लागत की डीआरपी बना रहा है। यह योजना वर्ल्ड बैंक की मदद से बनाई जा रही है। - वीके पाल, अधिशासी अभियंता, पेयजल निगम



## मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में डॉ संदीप कुमार शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

» सात दिन में नहीं सुधरी व्यवस्था तो होंगा आंदोलन, सौंपा ज्ञापन
» कन्या महाविद्यालय सीधी का मामला

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख



**सीधी**। मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह 1 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार उपस्थित रहे। जबकि समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती प्रीति पटेल द्वारा की गई। दीक्षांत समारोह अनुसंधान विद्वानों के लिए गर्व, उपलब्धि एवं नई शुरुआत से भरा अद्भुत क्षण है। डॉ संदीप कुमार शर्मा को एमपीयू के प्रथम दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। वर्तमान में आप शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में अतिथि विद्वान (भौतिक शास्त्र) के रूप में कार्यरत हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज्योतिरादित्य सिंधिया उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा विकसित भारत 2047 के शिल्पकार बनकर देश को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके।विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में डॉक्टर शैलेश लोढ़ा प्रसिद्ध कवि, अभिनेता एवं राष्ट्रीय रंगकर्मी तथा डॉ विक्रांत सिंह तोमर वैश्विक संयोजक वैश्विक चेतना और सामाजिक परिवर्तन में विशिष्ट योगदान के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रदीप जोशी अध्यक्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी,एवं पूर्व अध्यक्ष यूपीएससी, डॉ संजय जैन, डॉ एस सी चौबे, डॉ एल डी आर्य,डॉ राजीव पांडेय, डॉ संजीव शर्मा, डॉ आशीष उपाध्याय एवं डॉ साहिल खान उपस्थित रहे। डॉ संदीप कुमार शर्मा को मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय भोपाल के प्रथम दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि मिलने पर कुलपति श्रीमती प्रीति पटेल, डॉ अजीत सिंह प्रो चांसलर, कमलेश्वर पटेल पूर्व मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास, डॉ राजेश कुमार राय, डॉ जी एफ अंसारी दिन रिसर्च, डॉ गीता भारती,मनीष कुमार सोनी, डॉ इसरार खान, डॉ सतीश महोवे, डॉ विजेता यादव,डॉ मंगलनाथ तिवारी, डॉ राजेश कुमार वर्मा, डॉ राजभान सिंह,डॉ देवेंद सिंह चौहान, डॉ देवेंद्र सोनी, डॉ संदीप पाण्डेय,आकांक्षा तिवारी, प्रदीप कुमार शर्मा माता पिता एवं स्वजनों द्वारा शुभ कामनाए प्रेषित की है।

## एडीआर भवन में न्यायाधीशगणों, एलएडीसीएस अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्तागणों के लिए प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो

**सीधी**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर के अध्यक्षता में मूक-बधिर एवं श्रवण बाधित दिव्यांगजन की सुविधा हेतु साईन लैंग्वेज लाइव इंटरप्रिटेशन ऑनलाइन सर्विसेस एवं क्यू आर कोड आधारित सुविधा के विषय पर एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर सीधी में प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स को कार्यक्रम के सोनांचल विंध्य बधिर संगठन सीधी के अध्यक्ष सतीश गौतम द्वारा के ए से जेड (वर्णमाला) तक साइन लैंग्वेज के माध्यम से परचित किया गया जिसका अनुवाद आनंद सर्विस सोसाइटी मूक बधिर बहुदिव्यांग बच्चो की संस्था के ज्ञानेन्द्र पुरोहित के द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य मूक बधिर एवं श्रवण बधित दिव्यांगजनों को न्यायिक प्रक्रिया में आने वाले भाषा संबंधी बाधाओं से मुक्त कर न्याय तक उनकी सरल, सुलभ एवं प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स को साइन लैंग्वेज लाइव इंटरप्रिटेशन ऑनलाइन सेवा एंव क्यूआर कोड आधारित सुविधा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं उक्त सुविधा के प्रभावी उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर, श्री यतीन्द्र कुमार गुरू विशेष न्यायाधीश, श्री दीपक शर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एवं अन्य समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, सोनांचल विंध्य बधिर संगठन सीधी के अध्यक्ष श्री सतीश गौतम, सचिव श्री विपिन मिश्रा, आनंद सर्विस सोसाइटी मूक बाधिर बहुदिव्यांग बच्चो की संस्था प्रमुख श्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल बोले- चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह-राजनाथ ने टोका



**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा- 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया। लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

### भारत को ऑल-सीजन डेस्टिनेशन ग्लोबल टूरिस्ट-हब बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को केंद्र सरकार का साल 2026-27 के लिए बजट पेश किया। बजट में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं हुईं। वित्त मंत्री की घोषणा के मुताबिक देश के 50 शहरों को इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाएगा। इसका मकसद भारत को ऑल-सीजन डेस्टिनेशन और ग्लोबल टूरिस्ट-हब बनाना है। इस प्लान की मदद से एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार हो जाएगा, जिससे टियर 2-3 शहरों और गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इससे देश का फॉरेक्स रिजर्व भी बढ़ेगा, साथ ही सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में 2,438.40 करोड़ रुपये दिए गए हैं।



सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक 10 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आएं। 2034 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान43.25 लाख करोड़ रुपए तक हो सकता है। 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार देने में सक्षम होगा। पर्यटन मंत्रालय की इंडिया टूरिज्म स्टैटिक्स रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल करीब 1 करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं। इनमें से 6–7% बौद्ध पर्यटक होते हैं। पिछले साल 7.10 लाख बौद्ध पर्यटक भारत आए। पूर्वोत्तर भारत के विकास के लिए इस बार 6,812 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। यह राशि पिछले बजट से 20% ज्यादा है। अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट का विकास किया जाएगा। मंदिरों के शहर के तौर पर पहचाने जाने वाले शहरों में बुनियादी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की जरूरतों के अनुसार विकसित की जाएंगी। इसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा, जम्मू-कश्मीर का जम्मू, उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे शहरों पर फोकस रहेगा। दक्षिण में तमिलनाडु के मदुरै और कांचीपुरम, कर्नाटक का हम्पी, आंध्र प्रदेश का तिरुपति, ओडिशा का भुवनेश्वर और पुरी को विकसित किया जाएगा।

### राजस्थान-MP में ओले गिरे, यूपी के 30 जिलों में कोहरा

**भोपाल/जयपुर/शिमला/श्रीनगर/देहरादून।** उत्तर भारत का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मैदान राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही। IMD ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

### सागर के सरकारी हॉस्टल में 8वीं की छात्रा से रेप

**बीना।** सागर में सरकारी हॉस्टल में 12 साल की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर करीब 4 महीने तक नाबालिग से रेप करता रहा। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया, जहां चेकअप के बाद उसके तीन महीने की गर्भवती होने का पता चला। मामला जिले के एक आदिवासी सरकारी हॉस्टल का है। छात्रा भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती है।



कोहेफिजा थाने में जीरो पर कायमी कर केस डायरी खुरई भेजी गई है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह मूलतः विदिशा जिले के गंजबासौदा के एक गांव की रहने वाली है। हॉस्टल में रहकर 8वीं की पढ़ाई कर रही है। यहां पिछले दो साल से रह रही है। पीड़िता ने कहा- अल्ताफ नाम का युवक हॉस्टल में सब्जी देने आता था। सितंबर 2025 में वह जबरदस्ती छात्रा के कमरे में घुस आया। दरवाजा बंद कर छात्रा के साथ रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी छात्रा ने इस बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद आरोपी को जब भी मौका मिलता, वह दुष्कर्म करता रहा। शनिवार को छात्रा के पेट में दर्द हुआ तो उसने वार्डन और चौकीदार को बताया। वार्डन ने छात्रा के माता-पिता को बुलाया। परिजन उसे 1 फरवरी को भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले गए, जहां जांच के दौरान डॉक्टर ने तीन महीने का गर्भ बताया। इसके बाद कोहेफिजा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित छात्रा के माता-पिता विदिशा जिले के रहने वाले हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर है। पांच बहनें और दो भाई हैं। खुरई थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने कहा- जैसे ही केस डायरी मिलेगी, आगे की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

### कमांडो का पति लोन की बात बताने पर भड़का

**सोनीपत।** सोनीपत की रहने वाली दिल्ली पुलिस की कमांडो काजल की हत्या के मामले में नया खुलासा हुआ है। काजल की मां मीना ने बताया कि 22 जनवरी को घटना वाली रात काजल और अंकुर के बीच जब झगड़ा हुआ तो काजल ने गुस्से में लोन लेने वाली बात अपनी भाई को बता दी।



काजल ने निखिल को बताया कि अपनी शादी में उसने 10 लाख रुपए का लोन लिया था। 5 लाख रुपए अंकुर और 5 लाख रुपए परिवार को शादी के लिए दिए थे। मीना ने आगे बताया कि अंकुर के कहने पर ही उसने 5 लाख रुपए वाली बात अपने परिवार से छिपाई। झगड़े के बाद जब काजल ने निखिल को यह बात बताई तो अंकुर नाराज हो गया। इसके बाद उसने फोन छीनकर काजल के सिर पर डंबल मार दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। **22 जनवरी को अंकुर का फोन आयाः** मीना ने बताया कि 22 जनवरी को अंकुर ने काजल के भाई निखिल को फोन कर कहा था कि काजल झगड़ा कर रही है। निखिल ने काजल से बात की। काजल ने निखिल को बताया था कि अंकुर ने मेरी सैलरी पर लोन करवा रखा है और मेरे पास एक पैसा भी नहीं बचता है। सैलरी से ज्यादा लोन की किस्त जाती है।

# देश को कमजोर दिखाने की कोशिश कर रहे राहुल गांधीः रिजिजू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने चीन सीमा विवाद को लेकर लोकसभा में दिए गए बयान पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने सदन के नियमों का उल्लंघन किया और देश को कमजोर दिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि राहुल को चीन सीमा के मुद्दे पर कांग्रेस की "ऐतिहासिक गलतियों" के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। रिजिजू का यह बयान सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच हुए तीखे टकराव के बाद आया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत से ही नियमों का पालन नहीं किया और एक ऐसी पुस्तक से उद्धरण देने लगे, जिसका न तो प्रकाशन हुआ है और न ही उसकी प्रामाणिकता स्पष्ट है। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



सहित सरकार के सदस्यों ने आपत्ति जताई और लोकसभा अध्यक्ष ने नियम 349 के तहत स्पष्ट रूलिंग दी कि बिना सदन की अनुमति किसी अप्रकाशित पुस्तक या प्रकाशन का हवाला नहीं दिया जा सकता। इसके बावजूद राहुल ने अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी और बार-बार वही बात दोहराते रहे। रिजिजू ने कहा, "राहुल गांधी ने लगभग आधे घंटे तक सदन का समय बर्बाद किया, नियमों का उल्लंघन किया और चीन सीमा के मुद्दे को उठाते रहे। क्या कांग्रेस 1959 और 1962 में चीन द्वारा कब्जाई गई जमीन वापस ला सकती है?" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सीमा क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है और सशस्त्र बल पूरी तरह सक्षम हैं। रिजिजू ने कहा, "भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संसद नियमों से चलती है। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी प्रतिष्ठित परिवार में पैदा हुआ हो, संसद और उसके नियमों से ऊपर नहीं हो सकता।" संसदीय कार्य मंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी खुद को संसद से ऊपर समझते हैं और नियमों का पालन नहीं करते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा सदन में ताली बजाना भी दुर्भाग्यपूर्ण दृश्य था। रिजिजू ने राहुल गांधी से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने सांसदों को भी ऐसा करने की सलाह दें। उन्होंने दोहराया कि चीन सीमा के मुद्दे पर कांग्रेस को अपने "पाप" स्वीकार कर देश से माफी मांगनी चाहिए।

# सूरत में सैफ को लव-जिहादी बताकर काले झंडे दिखाए

♦ **परिवार के साथ इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में पहुंचे थे, हिंदू संगठनों ने किया विरोध**



**एजेंसी, सूरत**

गुजरात के सूरत में सोमवार की रात हिंदू संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने लव जिहादी का नारा लगाते हुए सैफ अली खान को काले झंडे दिखाए। दरअसल सैफ यहां हो रही इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (ISPL) के लिए पत्नी करीना कपूर और बेटों के साथ सूरत पहुंचे थे। अपनी टीम का मैच खत्म होने के बाद वे परिवार के साथ स्टेडियम से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान प्रदर्शनकारी युवाओं ने हाथों में काले झंडे लहराते हुए उनका विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने 'लव जिहादी है' के नारे लगाए। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत स्थिति को नियंत्रण में कर सैफ अली खान के काफिले को सुरक्षित वहां से निकालकर होटल तक पहुंचा दिया। इस घटना के वीडियो वायरल हो रहे हैं। सूरत में 9 फरवरी तक होनी है ISPL सूरत में 9 जनवरी से इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (ISPL) की शुरुआत हुई है। सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में लीग के 44 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंड 6 फरवरी, 2026 तक चलेगा। पूरी लीग सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज सामत की कोर कमेटी के मार्गदर्शन में हो रही है। विजेता टीम को मिलेगा 2 करोड़ का ईनाम उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ISPL ने सीजन 3 के लिए 6 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा की है।

# ट्रेन में छेड़छाड़...महिलाओं-बच्चों को बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा



**अस्थि विसर्जन करने गुजरात से उज्जैन जा रहे थे, लड़कियों पर सिगरेट का धुआं फूंक रहा था युवक**

**एजेंसी, नागदा**

गुजरात के दाहोद से अस्थि विसर्जन के लिए उज्जैन जा रहे परिवार के साथ मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टिपल यूनिट) ट्रेन में मारपीट का मामला सामने आया है। रतलाम स्टेशन से कुछ युवक ट्रेन में सवार हुए, जो नागदा जाने वाले बताए जा रहे हैं। आरोप है कि रतलाम से खाचरोद के बीच यात्रा के दौरान इनमें से एक मुस्लिम युवक ने परिवार की एक लड़की से छेड़खानी की कोशिश की। जब परिजन ने इसका विरोध किया, तो विवाद शुरू हो गया। पीड़ित परिवार के मुताबिक विवाद बढ़ने पर खाचरोद स्टेशन से मुस्लिम समाज के और लोगों को बुला लिया गया। इसके बाद 50 से 60 लोगों ने ट्रेन में चढ़कर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित पूरे परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित परिवार अब भी दहशत में है।

**लात-घूंसों से बेरहमी से पीटते हुए दिख रहेः** ट्रेन में मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय ये वीडियो ट्रेन में मौजूद किसी यात्री ने बनाया है। करीब 6 सेकेंड के वीडियो में कुछ लोग बेल्ट और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटते हुए दिख रहे हैं। बोगी में अफरा–तफरी और चीख-पुकार मची है।

**महिला बोली- आरोपी युवक ट्रेन में सिगरेट पी रहा थाः** पीड़ित परिवार की एक महिला ने बताया कि आरोपी युवक ट्रेन में सिगरेट पी रहा था। जानबूझकर वह लड़कियों की ओर धुआं उड़ा रहा था। विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू हुई और फिर मारपीट की गई। हिंदू संगठनों को घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पर जमा हो गए। मुस्लिम समुदाय की ओर से भी लोग बड़ी संख्या में स्टेशन पर पहुंचने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया।

# चीन की मिसाइलों में फ्यूल की जगह पानी भर दिया

**एजेंसी, बीजिंग**

❑ **रिपोर्ट में दावा- कई मिसाइलें खुल भी नहीं पाईं, जिनपिंग ने अफसरों को निकाला**

चीन की रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का बड़ा घोटाला सामने आया है। ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिमी चीन में कुछ मिसाइलों में फ्यूल की जगह पानी भरा हुआ था। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिन जगहों से इन मिसाइलों को जमीन के नीचे बने जिन साइलो से लॉन्च किया जाना था, वे भी ठीक नहीं थे। ये साइलो इतने भारी और खराब तरीके से बनाए गए थे कि उनके ढक्कन खुल ही नहीं पा रहे थे। इन खुलासों के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की रॉकेट फोर्स के पूरी टॉप लीडरशिप को हटा दिया।

**सेना में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाईः** पिछले महीने PLA में भ्रष्टाचार के मामले में सबसे बड़ी कार्रवाई की गई। चीन की सेना की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (CMC) के वाइस चेयरमैन झांग यूक्सिया को उनके पद से हटा दिया गया। झांग PLA के सबसे सीनियर अफसर थे और शी जिनपिंग को बचपन से जानते थे। इसके बावजूद उन्हें हटाया जाना दिखाता है कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं गया। CMC के अब तक 5 अफसर हटाए जा चुके हैं। जानकारों का कहना है कि यह सिर्फ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम नहीं है। शी जिनपिंग चाहते हैं कि सेना पूरी तरह उनके नियंत्रण में रहे और एक ऐसी आधुनिक फौज बने, जो जरूरत पड़ने पर ताइवान पर हमला कर सके। उनका लक्ष्य है कि 2027 तक सेना पूरी तरह तैयार हो और 2049 तक चीन की फौज अमेरिका से भी ज्यादा ताकतवर बन जाए। चीन मामलों के पूर्व CIA एक्सपर्ट जोनाथन जिन के मुताबिक, इस पूरे अभियान का पैमाना बेहद



बड़ा है। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार एक तरफ सेना को कमजोर कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ शी जिनपिंग इसी मुद्दे के जरिए सेना को अपने राजनीतिक और रणनीतिक लक्ष्यों के मुताबिक ढाल रहे हैं।

**जनरल झांग पर क्या आरोप लगाए गएः** चीनी सेना के अखबार PLA डेली के मुताबिक, जनरल झांग पर आरोप है कि उन्होंने सेना में उस व्यवस्था का पालन नहीं किया, जिसमें सभी फैसलों में सीधे राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बात मानी जाती है। अखबार ने कहा कि झांग ने इस सिस्टम को गंभीर रूप से नजरअंदाज किया।

हालांकि, जनरल झांग पर लगे आरोपों की पूरी जानकारी चीन ने सार्वजनिक नहीं की है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उन्होंने चीन के परमाणु हथियारों से जुड़ी जानकारियां अमेरिकी एजेंसियों तक पहुंचाईं। यह भी कहा गया है कि उन्होंने ताइवान पर हमले की तय समय-सीमा से असहमति जताई थी। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जनरल झांग सेना में एक व्यक्ति के आदेश की बजाय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति निष्ठा पर जोर दे रहे थे। यही सोच शी जिनपिंग को पसंद नहीं आई और यही उनके खिलाफ कार्रवाई की एक बड़ी वजह बनी।

**क्या चीनी सेना कमजोर पड़ रही है?** इन कार्रवाइयों के बाद चीन की सेना को चलाने वाली सबसे बड़ी संस्था, सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में अब सिर्फ दो ही लोग बचे हैं। एक खुद राष्ट्रपति शी जिनपिंग और दूसरे भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाले अधिकारी झांग शेनमिन। मीडिया रिपोर्ट्स में यह सवाल उठे कि इतनी बड़ी सेना से अनुभवी अफसर हटाए जा रहे हैं और इससे उसकी ताकत घट सकती है। लेकिन चीन मामलों के जानकार जोनाथन जिन इससे सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि इसे सेना की कमजोरी नहीं समझना चाहिए। उनके मुताबिक शी जिनपिंग सेना से ध्यान नहीं हटा रहे, बल्कि वे पूरी तरह इसी पर फोकस किए हुए हैं और चाहते हैं कि हर काम उनकी योजना के मुताबिक ही हो।

**ताइवान पर नजर, लेकिन जल्दबाजी नहींः** एक्सपर्ट्स का मानना है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान को सीधे युद्ध के बजाय राजनीति के रास्ते अपने साथ जोड़ना ज्यादा पसंद करेंगे। वजह यह है कि ताइवान पर हमला करने की कीमत बहुत बड़ी होगी। ताइवान में 2028 में चुनाव होने हैं और फिलहाल वहां की राजनीति कुछ हद तक चीन के पक्ष में जाती दिख रही है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि शी जिनपिंग सेना को ढील दे रहे हैं।

# युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए यह बजट

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट के लिए सोमवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से कहा कि इस दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले साढ़े 11 वर्षों में जो यात्रा तय की, आज उसी का परिणाम है कि 25 करोड़ से अधिक आबादी गरीबी से बाहर निकलर भारत के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। जब नीति स्पस्ट होती है और नियत साफ होती है, तो इसी प्रकार परिणाम आता है। आज भारत तेजी से आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी का हमेशा से जोर रहा है कि हमें अपने अधिकारों पर ही नहीं बल्कि कर्तव्यों पर जोर दिया जाना चाहिए। समाज, राष्ट्र के प्रति हर नागरिक का क्या कर्तव्य है, यह समझना चाहिए। यह पहला बजट है जो कर्तव्य भवन में आया। इस बजट में रिफॉर्म, ग्रोथ और फिजिकल डिसिप्लिन देखने को मिला है। यह बजट सुदृढ़ कार्य



करेगा। बजट में मूल कर्तव्यों के बारे ध्यान आकर्षित किया गया है। किसान, युवा, महिला और गरीब की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर यह बजट पेश हुआ है। इसमें 10 हजार करोड़ एमएसएमई सेक्टर के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। सबसे अधिक 96 लाख एसएमएमई इकाइयां उत्तर प्रदेश में हैं। इन्हें आगे बढ़ाने में मदद होगी। यूपी सबसे अधिक इसका लाभ ले सकेगा। सात रेलवे के नए कॉरिडोर में दो यूपी को प्राप्त हुए हैं। ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉरिडोर यूपी से होकर गुजरेगा। इसमें ट्रेनों की 300 से 500 किलोमीटर प्रति घण्टा स्पीड होगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वाराणसी से हल्दिया तक वाटरवे शुरू हो गया है। गोमती समेत अन्य नदियों में भी इसका लाभ लिया जा सकता है। 10 हजार करोड़ बायोफार्मा हब बनाने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार इस दिशा में योजना बनाकर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना भी लॉन्च की गई है। यूपी में सबसे अधिक गांव हैं। इस योजना का सबसे अधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उत्तर प्रदेश के ढाई लाख बुनकर को लाभ होगा। योगी ने कहा कि इस बजट में लॉजिस्टिक के लिए भी काफी हद तक संभावनाएं हैं। यूपी के अंदर महिला कार्यबल को तेजी से हमने आगे बढ़ाया है। यूपी में 12% पहले कार्यबल था। आज 36 फीसदी महिलाएं अलग-अलग सेक्टर में कार्य कर रही हैं। शहरी क्षेत्र में उनके लिए आवास सुविधा के लिए छात्रावास की व्यवस्था की जा रही है। पर्यटन सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सरकार थोड़ा भी प्रयास करे तो बेहतर परिणाम आते हैं। माघ मेला का कल एक चरण सम्पन्न हुआ है। पूर्णिमा एक करोड़ से अधिक, मौनी अमावश्या पर पांच करोड़ से अधिक और बसंत पंचमी के अवसर पर दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु तीर्थराज प्रयाग आये।

# ममता बोलीं- देश में कोई नहीं लड़ेगा तो मैं लड़ूंगी

♦ **आज टीएमसी का 15 सदस्यीय दल एसआईआर को लेकर सीईसी से मुलाकात करेगा**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने कहा है कि वह और उनकी पार्टी मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) के मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। ममता आज SIR को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करने वाली हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दिल्ली में बंगाल के लोगों के साथ बदसलूकी



का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इन मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और संबंधित संस्थानों से जवाब मांगेगी। ममता ने कहा- मैं बंगा भवन जा रही हूं, ताकि वहां मौजूद अपने लोगों से मिल सकूं और दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों को देख सकूं। अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी। दिल्ली के लोगों को पता ही नहीं है कि बंगाल में क्या हो रहा है। मुझे अभी-अभी जानकारी मिली और मैं कपड़े तक नहीं बदल पाई।

# हिमाचल सरकार की उम्मीदों को झटका, केंद्र ने आरडीजी खत्म की

♦ **लोन लिमिट पहले ही घटा चुकी, जीएसटी कंपनसेशन भी बंद, दबाव में अर्थव्यवस्था**

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पहले ही दबाव से गुजर रही है। इस बीच, केंद्र रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (RDG) को बंद करके राज्य सरकार की वित्तीय उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। हिमाचल सरकार 31 मार्च का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, क्योंकि 1 अप्रैल से RDG मिलने थी, लेकिन अब यह उम्मीद टूट गई है। राज्य सरकार को RDG के रूप में इस साल 10 हजार करोड़ रुपए और अगले पांच सालों के दौरान 40 हजार करोड़ से 50 हजार करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद थी। मगर 16वें



वित्त आयोग ने इस अनुदान को बंद कर दिया है। 14वें वित्त आयोग में हिमाचल प्रदेश को RDG के रूप में 40 हजार 624 करोड़ रुपये मिले थे। 15वें वित्त आयोग में यह राशि घटकर 37 हजार 199 करोड़ रुपए की गई। साल 2021-22 में अकेले 10 हजार 249 करोड़ रुपए RDG के तौर पर हिमाचल को मिले, साल 2025-26 में यह कम होकर 3258 करोड़ रुपए रह गई।

# भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में पाकिस्तानी नेता बोले- हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म

## अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डॉलर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह EU के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-EU FTA का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा।

**वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा-** EU के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें। भारत और (EU) ने 27 जनवरी को FTA पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25% ग्लोबल GDP और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं।

**यूरोपीय मार्केट में पाकिस्तान की बढ़त खत्म होने का खतराः** पाकिस्तान इस डील से परेशान



इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह EU की GSP प्लस योजना थी।

इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66% उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12% तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डॉलर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डॉलर का था। अब भारत और EU के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है।

# नकली माल से बीज विधेयक 2025 तकः- किसान संरक्षण, गुणवत्ता नियमन और वैश्विक कृषि शासन की दिशा में भारत का निर्णायक कदम



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

» नकली या घटिया बीजों का प्रयोग किसान की पूरी फसल उसकी आय,ऋण चुकाने की क्षमता और अंततःउसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

» कृषि बाजार में अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत क़रने यदि बीज विधेयक को कानून बनाकर प्रभावी ढंग से लागू करना ज़रूरी

**गोंदिया** - वर्तमान डिजिटल प्रतिस्पर्धा युग में वैश्विक अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ नकली और निम्न गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रसार भी एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। चाहे वह दवाइयाँ हों, खाद्य पदार्थ हों, कृषि आदान हों या तकनीकी उपकरण, नकली माल का उपयोग उपभोक्ताओं के लिए केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवन की समग्र गुणवत्ता पर भी गहरा प्रतिकूल प्रभाव डालता है।विडंबना यह है कि जहां एक ओर उपभोक्ता इस बहुआयामी क्षति को झेलता है, वहीं दूसरी ओर इस गैरकानूनी गतिविधि से जुड़े तत्व भारी आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं। यही कारण है कि आज विश्व स्तरपर यह स्वीकार किया जा रहा है कि नकली उत्पादों से निपटने के लिए केवल सामान्य आपराधिक कानून पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र- विशेष के लिए विशेष और कठोर कानूनों की आवश्यकता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि कृषि क्षेत्र में इस समस्या का प्रभाव और भी अधिक गहरा है,क्योंकि यहां नुकसान केवल एक उपभोक्ता तक सीमित न होकर खाद्य सुरक्षा,ग्रामीणअर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय कृषि प्रणाली तक फैल जाता है। नकली या घटिया बीजों का प्रयोग किसान की पूरी फसल,उसकी आय,ऋण चुकाने की क्षमता और अंततः उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यही पृष्ठभूमि है, जिसमें भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित बीज विधेयक, 2025 को ला रही है।यह एक ऐसा विधायी प्रयास जो न केवल नकली बीजों पर अंकुश लगाने का लक्ष्य रखता है,बल्कि किसानों के अधिकारों की रक्षा करते हुए कृषि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।बीज विधेयक, 2025 दरअसल 1966 के पुराने बीज अधिनियम का स्थान लेने के लिए लाया गया है, जो वर्तमान समय की जटिलताओं और बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप अपर्याप्त सिद्ध हो रहा था।पिछले कुछ दशकों में बीज उद्योग में निजी कंपनियों, हाइब्रिड और उन्नत किस्मों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और डिजिटल आपूर्ति श्रृंखलाओं का तीव्र विस्तार हुआ है, लेकिन नियामक ढांचा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो सका। इस अंतर का लाभ उठाकर नकली बीजों का संगठित कारोबार फलता-फूलता रहा,जिसके परिणामस्वरूप किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। नए विधेयक का मूल उद्देश्य इसी असंतुलन को सटीक रूप से दूर करना है। साथियों बात अगर हम बीज विधेयक,2025 को समझने की करें तो इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बीजों की गुणवत्ता को एक राष्ट्रीय मानक के अंतर्गत लाने का प्रयास करता है। विधेयक के अनुसार, बाजार में बेची जाने वाली सभी बीज किस्मों का अनिवार्य पंजीकरण आवश्यक होगा। इसका अर्थ यह है कि कोई भी बीज, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा विकसित हो या निजी कंपनियों द्वारा,बिना नियामक स्वीकृति के किसानों तक नहीं पहुंच सकेगा। यह प्रावधान नकली और अप्रमाणित बीजों के लिए बाजार के दरवाजे बंद करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।इसके साथ ही, विधेयक बीज उत्पादकों, बीज प्रसंस्करण इकाइयों, डीलरों और पौध नर्सरियों के अनिवार्य पंजीकरण का प्रावधान करता है। यह व्यवस्था पूरी आपूर्ति श्रृंखला को निगरानी के दायरे में लाती है, जिससे यह सुनिश्चित




किया जा सके कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो।अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताता है कि कृषि आदानों में पारदर्शी ट्रैकिंग और पंजीकरण प्रणाली नकली उत्पादों को रोकने का सबसे प्रभावी साधन होती है, और इस दृष्टि से बीज विधेयक, 2025 भारत को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के समकक्ष खड़ा करता है। साथियों बात अगर हम विधेयक क़ो एक अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान से समझने की करें तो, आपातकालीन परिस्थितियों में बीज बिक्री मूल्यों का विनियमन है। प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तनजनित संकटों या महामारी जैसी स्थितियों में अक्सर बीजों की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ा दी जाती हैं।इसका सीधा बोझ किसान पर पड़ता है।बीज विधेयक सरकार को यह अधिकार देता है कि वह ऐसी असाधारण परिस्थितियों में बीजों की कीमतों को नियंत्रित कर सके, जिससे किसानों का शोषण रोका जा सके। यह प्रावधान कृषि को केवल बाजार की शक्तियों के हवाले न छोड़कर सामाजिक न्याय के सिद्धांत से जोड़ता है।बीजों के प्रदर्शन का अनिवार्य लेबलिंग भी विधेयक का एक केंद्रीय तत्व है। लेबलिंग के माध्यम से बीज की किस्म, अंकुरण क्षमता,शुद्धता, उत्पादन वर्ष और अन्य आवश्यक जानकारियाँ स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे किसानों को सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी और धोखाधड़ी की संभावना न्यूनतम होगी। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि सूचना की पारदर्शिता उपभोक्ता संरक्षण का सबसे मजबूत आधार है, और बीज विधेयक इसी सिद्धांत को कृषि क्षेत्र में लागू करता है।डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधेयक में 'साथी पोर्टल' पर अनिवार्य पंजीकरण का प्रावधान भी किया गया है। यह पोर्टल बीज से जुड़े सभी हितधारकों उत्पादकों डीलरों और नियामक एजेंसियों के बीच एक साझा डिजिटल मंच प्रदान करेगा। इससे न केवल निगरानी और शिकायत निवारण की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि नीति-निर्माण के लिए विश्वसनीय डेटा भी उपलब्ध होगा। अंतरराष्ट्रीय कृषि शासन में डेटा-आधारित नियमन को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, और इस दृष्टि से यह प्रावधान भारत को भविष्य के लिए तैयार करता है। साथियों बात अगर हम बीज विधेयक, 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण आशंकाओं को समझने की करें तो,यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कहीं यह किसानों की पारंपरिक प्रथाओं और अधिकारों को सीमित न कर दे। हालांकि विधेयक इस संदर्भ में अत्यंत स्पष्ट है। इसके प्रावधान किसानों और उनकी पारंपरिक किस्मों पर लागू नहीं होते।यह विधेयक पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अनुरूप किसानों के उन अधिकारों की रक्षा करता है, जिनके तहत वे बीजों को उगाने, बोने, सहेजने, आदान-प्रदान करने और बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। यह संतुलन इस विधेयक की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है।इसके अतिरिक्त, जैविक विविधता अधिनियम, 2002 और पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अंतर्गत पहले से ही किसानों, सामुदायिक बीज उत्पादकों और स्वदेशी किस्मों की सुरक्षा के लिए जो प्रावधानमौजूद हैं यह विधेयक उनके साथ सामंजस्य स्थापित करता है। इसका अर्थ यह है कि बीज विधेयक,2025 किसीमौजूदा अधिकार को कमजोर नहीं करता, बल्कि नियमन और संरक्षण के बीच एक व्यावहारिक संतुलन बनाता है। साथियों बात अगर हम इस विधेयक को दंडात्मक प्रावधानों की दृष्टि से भी समझने की करें तो, यह विधेयक पुराने कानून की तुलना में अधिक प्रभावी है। नकली बीजों की बिक्री पर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना और कारावास का प्रावधान न केवल एक निवारक प्रभाव उत्पन्न करता है,बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी देता है कि कृषि क्षेत्र में धोखाधड़ी को अब हल्के में नहीं लिया जाएगा। वैश्विक स्तर पर कृषि इनपुट्स की गुणवत्ता को लेकर जो सख्ती अपनाई जा रही है, भारत का यह कदम उसी दिशा में है। साथियों बात अगर हम इस विधेयक को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझने की करें तो,बीज विधेयक, 2025 भारत को एक जिम्मेदार कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है।आज जब वैश्विक खाद्य सुरक्षा,जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे मुद्दे केंद्र में हैं, तब बीजों की गुणवत्ता और उपलब्धता निर्णायक भूमिका निभाती है। यह विधेयक न केवल घरेलू किसानों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि भारत की कृषि आपूर्ति श्रृंखला को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उसकी विश्वसनीयता भी बढ़ाता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि बीज विधेयक, 2025 नकली माल के खिलाफ भारत की व्यापक नीति का कृषि क्षेत्र में ठोस प्रतिबिंब है। यह विधेयक एक ओर किसानों को ठगी और नुकसान से बचाने का प्रयास करता है, तो दूसरी ओर कृषि बाजार में अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत करता है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है,तो यह न केवल किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने में सहायक होगा,बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करेगा। इस दृष्टि से बीज विधेयक, 2025 को केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत की कृषि नीति में एक संरचनात्मक सुधार के रूप में देखा जाना चाहिए।


**-संकलनकर्ता लेखक**
**- कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)**
**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**
**9226229318**


# सत्ता पाने की लालसा और कलयुगी रिश्ते



लेखक - संजय गोस्वामी

यह दुनिया में लोग अपने अपने पद, पैसा और सत्ता या धन के लिए लालायित रहते हैं अभी दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के उप मुख्य मंत्री स्व अजीत पवार जी का विमान क्रैश हुआ और मौत हो गईं शायद वे सत्ता में नहीं रहते तो प्राइवेट जेट नहीं मिलता और जान बच सकती लेकिन तुरंत ही शनिवार 31 जनवरी 26 की शाम को अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने लोकभवन में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री बनना पहले से तय नहीं था, पति अजित की प्लेन क्रैश में निधन के बाद ऐसी राजनीतिक हालत बने लेकिन सच में ऐ पता हमें नहीं होता की सत्ता बड़ा है या हमारा विचार, ईश्वर को पहचाना जरूरी है यदि बनना ही था तो कम से कम उनका क्रिया क्रम कराकर बाद में भी निर्णय लिया जा सकता था इसलिए ऐ केवल एक उदाहरण नहीं है कई ऐसी घटना है कि पति के मरते ही पत्नी उसकी जायदाद पर काबू कर करने की कोशिश करती है इसलिए आपका अपना भगवान राम के सिवा क़ोई नहीं है समय बर्बाद ना करो उसी में लीन हो जाना सबकुछ मिलेगा क्योंकि शांति से बढ़कर कुछ नहीं है अच्छी बातचीत एक स्वस्थ रिश्ते का मूलभूत हिस्सा है। जब आप अपने साथी के साथ सकारात्मक भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं, तो आप सुरक्षित और खुश महसूस करते हैं। जब लोग अच्छी तरह से संवाद करना बंद कर देते हैं, तो उनके बीच संबंध भी खराब हो जाते हैं, और बदलाव या तनाव के समय यह दूरी और भी बढ़ जाती है। इस सृष्टि का निर्माण निराकार सुप्त ऊर्जा से हुआ है जिसको कि हम श्याम कह सकते हैं मतलब अंधकार पूर्ण ऊर्जा है लेकिन इसमें किसी साधक को प्रकाश भी दिखाई देता है समस्त ब्रह्मांड का मालिक केवल परमपिता परमेश्वर भगवान राम ही है जिसका क़ोई रंग नहीं है रंगहीन है ईश्वर जैसे पानी जिसमें क़ोई रंग नहीं होता है लेकिन यदि उसमें एक छोटा सा कीड़ा पड़ जाता है तो स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही श्वेत प्रकाश जिसमें क़ोई रंग नहीं है लेकिन किसी प्रिज्म से गुजरता है तो सात रंगों से विभक्त हो जाता है जिसे विब्ज्ञीओर वायलेट, इंडिगो, ब्लू, ग्रीन, येलो, ऑरेंज, रेड) विज़िबल लाइट स्पेक्ट्रम के रंगों को दिखाता है, जिन्हें बढ़ती वेवलेंथ के हिसाब से छोटे (वायलेटः 380-450 nm) से लेकर लंबे (रेडः 620-750 nm) क्रम में रखा गया है, जिसमें हर रंग की एक खास नैनोमीटर (nm) रेंज होती है, जो इंद्रधनुष और रंग देखने की क्षमता को समझाने में मदद करती है।गुलाबी, बैगनी, हरा, लाल पीला,यानी जो भी रंग है उसमें पारदर्शिता नहीं है अतः रंग माया है और जिसमें क़ोई रंग नहीं है वो पारदर्शी है जिसमें हर कुछ दीखता है जैसे शीशा पारदर्शी है इस कारण मनुष्य रंगों के चक्कर में भटकता रहता है क़ोई गोरा दीखता है क़ोई काला और गोरा को सुन्दर पाकर बहुत खुश होता है और पत्नी बनाकर माया के जाल में भटकता रहता है लेकिन उसके विचारों पर ध्यान नहीं देता विचार महत्वपूर्ण है रंग नहीं क्योंकि उसका एक दिन नष्ट होना तय है और जब शरीर का नाश होता है तो मानव निश्चित ही एक योनि से दूसरे योनि में भटकता रहता है मानव योनि में कुछ विशेष लोगों जो राम भक्त होते हैं उन्हें शक्तियां प्रदान कर देता है जो आम जनमानस को मार्गदर्शन करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर प्रभु राम के द्वारा प्रदत शक्ति से उसका कल्याण करते हैं। गुरु तत्व वास्तव में ईश्वर ही तत्व है जब तक में गुरु और ईश्वर को एक नहीं मानना सीखोगे तब तक में तुम ना गुरु को पहचान पाओगे और ना ही ईश्वर को पहचान पाओगे। भगवान राम को ईश्वर मानने का अर्थ यह हो जाता है कि तुम उस राम की शक्ति के माध्यम से ही ईश्वर के पास पहुंचोगे। बिना राम की भक्ति और समर्पण के कोई भी शक्ति तुम्हारी सहायता नहीं कर सकती। इसको क्वांटम फिजिक्स से समझो जो डिस्टोर्टेड एनर्जी है क्वांटम फील्ड जो बिगड़ चुकी है उसके अंदर जब तक में सिंक्रोनाइजेशन नहीं होगा कोहरेंस नहीं होगा तब तक में और शक्ति बढ़ेगी नहीं और जब बढ़ेगी नहीं तो तुम्हारा कल्याण क्या होगा। इस कारण गुरु को समर्पण बहुत आवश्यक है और समय आने पर धीरे-धीरे गुरु शक्ति अपने को ईश्वरीय शक्ति में विलीन कर लेती है और एक अवस्था के बाद तुमको खुद श्रम करके आगे बढ़ना होता है वहां पर भगवान राम और भक्त अपनी साधना से उनके चरणों में पहुँचने का मार्ग पता हैं और सारे कष्ट से मुक्त होता है ।

# ब्लू इकोनॉमी की ओर बढ़ता भारत



(राजेश पाठक)

संसद के बजट सत्र 2026 के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभिभाषण देते हुए कई अहम बातों को सामने रखा। इसी दौरान उन्होंने ब्लू इकोनॉमी का भी जिक्र किया उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश बन गया है, जो ब्लू इकोनॉमी में देश की सफलता को दिखाता है।

**क्या है ब्लू इकोनॉमी-** ब्लू इकोनॉमी यानी नीली अर्थव्यवस्था एक नई तरह की आर्थिक सोच है जो समुद्र और महासागरों से जुड़ी है। यह वह तरीका है जिसमें समुद्र के संसाधनों का सही और बेहतर इस्तेमाल करके देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाता है वो भी बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए। आसान शब्दों में आपको बताएं तो ब्लू इकोनॉमी मतलब समुद्र में जो चीजें हैं जैसे मछली पालन मत्स्य उत्पादन तेल गैस खनिज समुद्री खाद्य पदार्थ नवीकरणीय ऊर्जा जैसे ऑफशोर विंड एनर्जी या वेव एनर्जी और समुद्री पर्यटन इन सबका सही ढंग से इस्तेमाल करना। ब्लू इकोनॉमी की अवधारणा का पहली बार 1994 में यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुंटर पाउली ने उल्लेख किया था। विश्व बैंक के अनुसार, ये समुद्री इकोसिस्टम को बचाते हुए आर्थिक विकास और लोगों की बेहतर कमाई का रास्ता है। भारत में ये बहुत अहम है क्योंकि हमारी 7500 किलोमीटर से ज्यादा लंबी तटरेखा है और नौ तटीय राज्य तथा कई केंद्र शासित प्रदेश समुद्र से जुड़े हैं। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और नीति आयोग जैसी जगहों पर ब्लू इकोनॉमी को लेकर नीतियां बन रही हैं। इसमें मछली पालन को बढ़ावा देना गहरे समुद्र में मत्स्य पालन का विकास करना समुद्री जैव विविधता बचाना तटीय इलाकों में लोगों की रोजगार बढ़ाना और समुद्री संसाधनों से निर्यात बढ़ाना शामिल है। ब्लू इकोनॉमी की दिशा में बजट की एक और महत्त्वपूर्ण घोषणा अगले पांच वर्षों में देश में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग को चालू करने का लक्ष्य रखा जाना है। इसके ज़रिये आंतरिक जल परिवहन को मजबूत किया जाएगा। इससे जहां पारंपरिक सड़क-रेल मार्गों पर दबाव कम होगा, वहीं माल की ढुलाई की लागत भी कमी आएगी। मिसाल के तौर पर ट्रकों के ज़रिये 1 टन माल को सड़क से 1 किलोमीटर ढोने में 2.5–3.0 का खर्च आता है। रेल से ढुलाई होने पर यही खर्च 1.5–2.0 तक का होता है, जबकि जलमार्ग से लॉजिस्टिक खर्च घटकर 1 प्रति किलोमीटर से भी कम हो सकता है। इसके साथ ही माल ढुलाई के डीज़ल से चलने वाले ट्रकों पर निर्भरता कम होने से पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। क्योंकि इससे जीवाष्म ईंधन की खपत घटेगी और प्रदूषण कम होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अगर माल ढुलाई का सिर्फ 10% हिस्सा भी जलमार्गों पर शिफ्ट होता है, तोहर साल 50 लाख टन CO उत्सर्जन कम हो सकता है। लॉजिस्टिक के लिए रोड ट्रांसपोर्ट की जगह वाटर ट्रांसपोर्ट से 60–70% कम कार्बन उत्सर्जन होगा। गौरतलब है कि भारत में लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद का करीब 14% है, जबकि विकसित देशों में यह 8–9% के आसपास है। इसके अलावा 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास होने से छोटे जहाजों और नौकाओं के संचालन में बढ़ोतरी होने से लोगों को इनमें रोजगार मिलेगा। साथ ही नदी किनारे पोर्ट, गोदाम के विकास से वाटर सेक्टर में रोजगार में भारी बढ़ोतरी यानी बड़ी संख्या में ग्रीन जॉब्स पैदा होने की उम्मीद भी है। साथ ही आंतरिक जल मार्गों के विकास के लिए नदियों से गाद हटाने उन्हें चौड़ा किए जाने और अवैध बालू उत्खनन रुकने की भी उम्मीद है। इससे गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, सिंधु और नर्मदा समेत देश की कई बड़ी नदियों की दशा में भी सुधार आने की संभावना है। जलमार्गों को लेकर सरकार की योजना में यह बातें भी शामिल हैं-

इनलैंड जलमार्गों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कोस्टल कार्गो प्रमोशन स्कीम को लागू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जल परिवहन का हिस्सा 2047 तक 12% तक बढ़ाना है, जो आज अनुमानित रूप से 6% है।

इसके अलावा वाराणसी और पटना जैसे केंद्रों में शिप रीपेयर इकोसिस्टम विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। कुल मिलाकर, विश्लेषकों के अनुसार इनलैंड वाटर वेज़ के विस्तार से भारत की ब्लू इकोनॉमी को व्यापक लाभ मिल सकता है, चाहे वह लॉजिस्टिक लागत हो, रोजगार हो या जल-आधारित आर्थिक गतिविधियों का विस्तार।

**विभिन्न चुनौतियां-** इतना कुछ होने पर भी ब्लू इकोनोमी एवं इससे जुड़ी विभिन्न चुनौतियां अभी मुंह बाये खड़ी हैं। समुद्र में मछली पकड़ने के क्रम में मछुआरे अक्सर देशीय समुद्री सीमा पार कर अन्य देशों की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं। परिणामस्वरूप अन्य देशों के तटरक्षकों द्वारा उन्हें बंदी बनाकर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।साथ ही उनके बोटों आदि को भी नष्ट कर दिया जाता है जिससे उन्हें बड़ी आर्थिक क्षति पहुंचती है। कानूनी प्रक्रिया भी लंबी चलने के कारण उनपर निर्भर परिवार असहाय महसूस करने लग जाता है। मुख्यरूप से मछुआरों की यह समस्या बांग्लादेश, श्रीलंका व पाकिस्तान के साथ जुड़ा है जिनके साथ हमारी समुद्री सीमा जुड़ी है।आज भी सैकड़ों मछुआरे पाकिस्तान के जेलों में बंद पड़े हैं कुछ तो जेल में ही मौत के शिकार हो गए हैं। यद्यपि भारत सरकार इन सब लेकर गंभीर रहती है एवं उसके द्वारा आवश्यक होने पर राजनयिक स्तर पर भी वार्ताएं होती हैं परंतु दो देशों के बीच अगर राजनयिक संबंध मित्रवत नहीं है तो समस्याएं कभी -कभी विकराल रूप ले लेने की स्थिति में आ जाती हैं।गैर कानूनी फिशिंग करते पकड़े गए मछुआरे अन्य देशों की न्यायिक प्रक्रिया की पेचीदगियों में भी उलझ कर रह जाते हैं।जमानत की राशि भी कभी -कभी करोड़ों में मांगी जाती है जिसे देना उनके लिए कठिनहोता है। मत्स्य उद्योग में संलग्न लोगों को आयकर से भी छूट नहीं दी गई है।इस उद्योग से प्राप्त आय को कृषि आय की श्रेणी में नहीं रखा जाता है फलतः एक मछुआरे को वर्ष में अच्छी खासी रकम को आयकर के रूप में व्यय करना पड़ जाता है।यह और बात है कि मत्स्य उद्योग में संलग्न कुछ मछुआरों के जाल में कभी- कभी दुर्लभ व मंहगी बिकने वाली मछलियां भी फंस जाती हैं जिनकी बिक्री से उन्हें लाखों -करोड़ों की आमदनी हो जाती है। अभी हाल के दिनों में पालघर(महाराष्ट्र) के चंद्रकांत तरे ने 157 घोल फिश पकड़ कर 1.33 करोड़ रुपए की आमदनी की है।इस किस्म की मछली की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मांग ज्यादा है कारण कि इसका चिकित्सा क्षेत्र में वृहद उपयोग किया जाता है।मानव त्वचा को रिंकल फ्री करने में भी इसका प्रयोग होने लगा है। इतना ही नहीं इसके ब्लाडर वाईन इंडस्ट्री के लिए भी उपयोगी हैं। एक और पहलू भी इस संदर्भ में चिंता का कारण बना हुआ है कि मिकेनाइज्ड बोटिंग में प्रयुक्त होने वाले डीजल से समुद्र में पर्यावरणीय संकट भी पैदा होने लगे हैं। मछलियों सहित अन्य जलीय जीवों पर प्रदूषणकारी प्रभाव भी बढ़ने लगा है।आज इस दिवस पर सरकार और मत्स्य उद्योग संगठनों द्वारा आपसी समन्वय व वांछित उपायों पर भी गंभीर विमर्श किया जाना चाहिए। जहां तक अंतर्देशीय मछली पालन व उत्पादन का प्रश्न है तो इस क्षेत्र में भी कुछ बुनियादी चुनौतियां हैं।इस उद्योग के क्षेत्र विस्तार में यथा तालाबों आदि के निर्माण में वास्तविक लक्ष्य प्राप्ति एक बड़ी चुनौती है। सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में चलाए जा रहे मनरेगा अंतर्गत जिन तालाबों का निर्माण इस उद्योग के विस्तार हेतु किए गए हैं उनकी सजीवता संशय पूर्ण रही है। तालाब कागजों पर ही नहीं बल्कि धरातल पर भी दिखने चाहिए। उनके रखरखाव व जीर्णोद्धार की समुन्नत व परिणामदाई पद्धति विकसित की जानी होगी।


**(लेखक झारखंड के योजना एवं विकास विभाग में सांख्यिकी अधिकारी हैं)**


# आम बजट 26-27: उम्मीदों की ऊँचाई पर खड़ा देश, आशाओं के बीच छिपी बेचैनी की परछाईं



लेखक - विनोद कुमार सिंह

आम बजट 2026-27 एक आशावादी सरकारी दस्तावेज है,पर इसकी असली परीक्षा जमीन पर होगी।किसान के खेत में,मजदूर की हथेली में,युवा की नौकरी में, महिला के उद्यम में और गरीब की थाली में। बजट भाषण में शब्द बहुत हैं,योजनाएँ बहुत हैं,सरकारी आँकड़ो का अम्बार हैं। वही देश का आम आदमी पूछता है—क्या इस बार सपने सच होंगे?यही बजट की कहानी है -आशा और निराशा के बीच खड़ा भारत,खुशी और गम के बीच अपनी राह तलाशता हुआ नजर आ रहा है। देश के लोकतंत्र में बजट केवल आय-व्यय का सरकारी दस्तावेज नहीं होता,बल्कि राष्ट्र की सामूहिक धड़कन होती है,जिसमें करोड़ों लोगों की आशाएँ,सपने,शिकायतें और संघर्ष एक साथ सांस लेते हैं।आम बजट 2026-27 भी ठीक ऐसा ही है-एक ओर विकास की तेज रफ्तार का दावा,दूसरी ओर आम आदमी की जेब में चुभती महँगाई और रोजगार की चिंता।यह बजट उम्मीद और निराशा के बीच झूलते भारत का आईना है,जिसमें खुशी की चमक भी है और गम की गहराई भी।केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जब लोकसभा में यह कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 2014-15 के 2 लाख करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ तक पहुँच गया है और अब इसे 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ करने का प्रस्ताव है,तो यह घोषणा केवल एक संख्या नहीं थी। यह उस भारत का संदेश था जो सड़क, रेल,बंदरगाह,डिजिटल नेटवर्क और औद्योगिक गलियारों के माध्यम से भविष्य की नींव रख रहा है।सवाल यह भी उठता है कि क्या इस विकास की ईंटें गरीब की झोपड़ी तक गर्माहट पहुँचा पाएँगी, या यह केवल महानगरों के सपनों की इमारत बनकर रह जाएगा?सरकार ने निजी निवेश को भरोसा देने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड की घोषणा की है, जो ऋणदाताओं को आंशिक क्रेडिट गारंटी देगा।यह एक साहसिक कदम है,क्योंकि देश की विकास यात्रा में निजी क्षेत्र की भागीदारी आवश्यक है।इसी के साथ आम नागरिक के मन में यह चिंता भी है कि जब बड़े डेवलपर्स के जोखिम सरकार उठाएगी,तो छोटे किसान और मजदूर के जोखिम कौन उठाएगा? विकास का पुल तभी मजबूत होगा जब उसके दोनों छोर समान रूप से सुरक्षित हों। राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 4.4 प्रतिशत था। ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी 55.6 प्रतिशत रहने की बात कही गई है। आर्थिक अनुशासन की यह तस्वीर बाजारों को राहत देती है,निवेशकों को भरोसा देती है।आम जनता के लिए सवाल वही पुराना है -क्या यह अनुशासन उनके जीवन में सस्ती शिक्षा,बेहतर स्वास्थ्य और स्थायी रोजगार का अनुशासन बन पाएगा?बजट में किसानों,पशुपालकों और ग्रामीण भारत के लिए कई घोषणाएँ की गई हैं।छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने पर जोर, मत्स्य पालन के लिए 500 जलाशयों का विकास,पशुपालन क्षेत्र के लिए लोन आधारित सब्सिडी कार्यक्रम,तटीय फसलों के लिए सहायता,नारियल,काजू, कोको,चंदन जैसी फसलों को वैश्विक ब्रांड बनाने की योजना—ये सब सुनने में आशाजनक हैं। ग्रामीण भारत के लिए यह राहत की सांस है। परंतु खेतों में खड़ा किसान आज भी पूछता है - क्या यह योजनाएँ कागज से निकलकर जमीन तक पहुँचेंगी? या फिर यह भी फाइलों की धूल में दब जाएँगी? भारत-VISTAAR जैसे बहुभाषी एआई टूल की शुरुआत किसानों को आधुनिक निर्णय लेने में मदद करेगी।यह डिजिटल क्रांति का नया अध्याय है।इसी के साथ यह चिंता भी है कि क्या देश का हर किसान डिजिटल रूप से सक्षम है? क्या गांवों में इंटरनेट और प्रशिक्षण की वह व्यवस्था है,जो इस एआई टूल को सचमुच किसान का साथी बना सके?बजट में खेल क्षेत्र के लिए खेलो इंडिया मिशन की घोषणा भी युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है।अगले दशक में खेल प्रतिभाओं को निखारने,खेल तकनीक और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की बात कही गई है।भारत जिस तरह वैश्विक मंच पर खेलों में उभर रहा है,यह पहल उसे नई ऊँचाई दे सकती है।गाँव की मिट्टी में दौड़ता बच्चा आज भी पूछता है -क्या उसके पास मैदान होगा,कोच होगा, संसाधन होंगे?युवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए सेवा क्षेत्र पर जोर,शिक्षा से रोजगार और उद्यम पर स्थायी समिति, 2047 तक सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य—ये घोषणाएँ भविष्य की दिशा बताती हैं। लेकिन आज का युवा, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की भीड़ में खड़ा है,जो बेरोजगारी की मार झेल रहा है,उसके लिए यह भविष्य थोड़ा दूर और धुंधला लगता है।उसे आज चाहिए नौकरी,आज चाहिए अवसर,आज चाहिए भरोसा। बैंकिंग सेक्टर में सुधार,कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार काविस्तार,म्यूनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा, निवेश सीमा बढ़ाने की घोषणाएँ वित्तीय जगत के लिए सकारात्मक हैं। परंतु आम आदमी के लिए बैंकिंग सुधार का अर्थ तभी है जब उसे सस्ता ऋण मिले,उसकी बचत सुरक्षित हो और उसका आर्थिक जीवन आसान बने। ग्रामीण महिलाओं के लिए शी- मार्ट्स की घोषणा एक सामाजिक बदलाव का संकेत है।स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ अब बाजार से जुड़ेंगी,उद्यमी बनेंगी।यह बजट की सबसे सुंदर तस्वीरों में से एक है, जहाँ विकास का चेहरा महिला नेतृत्व में दिखाई देता है।यह आशाओं की वह किरण है जो ग्रामीण भारत की आंखों में चमक सकती है।पर्यटन के लिए राष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी संस्थान,10 हजार गाइड्स को प्रशिक्षित करने की योजना,डिजिटल नॉलेज ग्रिड, ट्रैकिंग और हाइकिंग ट्रेल्स, पुरातात्विक स्थलों का विकास—ये भारत की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देंगे।

# डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर में दिल्ली

- 2 बार की चैंपियन मुंबई बाहर, यूपी को 5 विकेट से हराया; मारिजान को 3 विकेट

**वडोदरा ।** वडोदरा में खेले गए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वारियर्ज को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली ने डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर के लिए क्वालिफाई कर लिया।

**2 बार की चैंपियन मुंबई बाहर–** दिल्ली की इस जीत से दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यूपी वॉरियर्ज आखिरी पायदान पर रही। दिल्ली ने 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ 8 पॉइंट्स लेकर लीग स्टेज तीसरे नंबर पर खत्म किया। गुजरात जायंट्स दूसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहले स्थान पर रहकर पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं।

## यूपी 122 रन ही बना पाई

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्ज की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 122 रन ही बना सकी। टीम की कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू सकी। दीप्ति शर्मा ने 24, सिमरन शेख ने 22 और शिखा पांडे ने नाबाद 23 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मारिजान कैप ने 3 विकेट लिए। चिनेल हेनरी और श्री चरणी को 2–2 विकेट मिले, जबकि मिन्नू मणि ने 1 विकेट झटका।

**वोल्वार्ट के 47 रन–** 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत साधारण रही। लिजेल ली 10 और शेफाली वर्मा 29 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद लौरा वोल्वार्ट ने 47 और कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 26 रन की पारी खेली। दिल्ली ने 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यूपी की तरफ से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। शिखा पांडे, सोफी एकलस्टन, डिएंड्रा डॉटिन को एक–एक विकेट मिला।

# करनाल के नायब सूबेदार ने रोइंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

## 7 मिनट 12 सेकेंड में क्लियर की रोइंग रेस, 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**करनाल (एजेंसी)।** इंडियन आर्मी में नायब सूबेदार और पेरिस ओलिंपिक में डेब्यू करने वाले कैमला गांव के बलराज पंवार ने एक बार फिर प्रदेश का नाम नेशनल लेवल पर रोशन किया है। बलराज ने सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। इस चैंपियनशिप में बलराज ने 7 मिनट 12 सेकेंड में 2000 मीटर की रेस क्लियर की। बलराज ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी इस उपलब्धि की जानकारी सांझा की। बीती 27 जनवरी से 1 फरवरी तक पुणे में सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप हुई। इस चैंपियनशिप में बलराज ने भी अपना दमखम दिखाया और गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। गोल्ड मेडलिस्ट बलराज पंवार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि पुणे में आयोजित रोइंग चैंपियनशिप में 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें मेरी टाइमिंग 7 मिनट 12 सेकेंड की रही है।

**आर्मी की तरफ से लिया भाग–** उसने आर्मी सर्विसेज की तरफ से हिस्सा लिया था। दूसरे स्थान पर इंडियन आर्मी ही रही और तीसरे स्थान पर हरियाणा रहा और चौथे पर झारखंड रहा था। बलराज ने बताया कि रोइंग में हवा और पानी की धार भी जीत और हार को प्रभावित करती है। जिसके कारण समय ज्यादा लग जाता है। बलराज का कहना है कि उसने पेरिस ओलिंपिक में डेब्यू किया था, लेकिन वह मेडल नहीं जीत पाया, लेकिन अब उसका पूरा फोकस एशियन गेम्स और ओलिंपिक पर है। बलराज पंवार करनाल जिला के गांव कैमला के रहने वाले हैं।

## भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना करना

# पाकिस्तान पर भारी पड़ सकता है

- ग्रुप-स्टेज में ही बाहर होने का खतरा

### आईसीसी बैन लगा सकता है, भविष्य में मेजबानी मिलनी मुश्किल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया। पाकिस्तान सरकार ने रविवार को कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट खेलेगी, लेकिन भारत से नहीं भिड़ेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कहा कि पीसीबी अपने फैसले पर फिर से विचार करे।

**ग्रुप स्टेज से बाहर होने का खतरा–** आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन के मुताबिक मैच बॉयकॉट करने से पाकिस्तान का ही रन रेट खराब होगा। 16.10.7 क्लॉज में बताया है कि पाकिस्तान के 20 ओवर में 0 रन होंगे। जबकि भारत का एक भी ओवर काउंट नहीं होगा। इससे पाकिस्तान का रन रेट बाकी मैच जीतकर भी निगेटिव में जा सकता है। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। पाकिस्तान अगर 3 में से एक भी मैच हार गई तो टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाएगी। अमेरिका तो पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर ग्रुप स्टेज में ही बाहर भी कर चुका है। नीदरलैंड भी आईसीसी टूर्नामेंट में बड़े उलटफेर करते आई है।

### वर्ल्ड कप से बैन कर सकता है आईसीसी

आईसीसी ने पाकिस्तान को अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। वर्ल्ड बॉडी अब पीसीबी से पूछेगा कि उसने बॉयकॉट क्यों किया? अगर पाकिस्तान ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो आईसीसी उसे इसी वर्ल्ड कप से बैन भी कर सकता है। इससे पहले भी 5 टीमें वर्ल्ड कप में मैच का बॉयकॉट कर चुकी हैं।

**पीएसएल को एनओसी नहीं मिलेगी–** पाकिस्तान इस मामले में सुरक्षा कारणों का हवाला नहीं दे सकता, क्योंकि टीम अपने सभी मैच भारत की बजाय श्रीलंका में खेलने वाली है। पीसीबी ने अगर बांग्लादेश को सपोर्ट करने का कारण दिया तो भी आईसीसी एक्शन ले सकता है क्योंकि आईसीसी ने पहले ही पीसीबी को धमकी दे दी थी कि अगर बांग्लादेश को सपोर्ट किया तो पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) नहीं मिलेगा।

### नॉकआउट स्टेज में भारत सामने आया तो क्या करेगा पाकिस्तान?

पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज में तो भारत के खिलाफ खेलने से मना कर दिया, लेकिन बोर्ड ने यह साफ नहीं किया कि नॉकआउट में अगर टीम इंडिया सामने आई तो टीम खेलेगी या नहीं? आईसीसी के सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि पाकिस्तान से जवाब मांगा जाएगा। अगर कारण संतोषजनक नहीं रहा तो पीसीबी पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने पीसीबी के फैसले पर कहा, हम बस वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं। सरकार ने अगर किसी टीम के खिलाफ खेलने के लिए मना कर दिया तो हम उसका पालन करेंगे। हम टूर्नामेंट में अपना 100 प्रतिशत खेल दिखाने पर फोकस कर रहे हैं।

**आईसीसी से मेजबानी मिलना मुश्किल–** पाकिस्तान ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। देश को 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी। आईसीसी अब पाकिस्तान को भविष्य में मिलने वाली मेजबानी से भी हटा सकता है क्योंकि भारत–पाकिस्तान मैच से आईसीसी की कमाई बढ़ती। अब मैच नहीं होगा, इससे आईसीसी का रेवेन्यू कम हो सकता है। इस नुकसान की भरपाई के लिए आईसीसी अब पाकिस्तान को मिलने वाले सालाना रेवेन्यू शेयर को भी घटा सकता है।

# सिंधु-साइना के एलीट क्लब में शामिल हुईं देविका

- बैडमिंटन में उपलब्धि, सिहाग ने जीता थाईलैंड मास्टर्स

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की 20 वर्षीय उभरती शटलर देविका सिहाग ने रविवार को थाईलैंड मास्टर्स 2026 में इतिहास रच दिया। बैंकॉक में खेले गए फाइनल मुकाबले में उन्होंने मलेशिया की गो जिन



वेई को हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 खिताब जीता। देविका ने पहला गेम 21-8 के बड़े अंतर से जीता। दूसरे गेम में जब वे 6-3 से आगे चल रही थीं, तभी मलेशियाई खिलाड़ी को चोट के कारण रिटायर होना पड़ा और देविका को विजेता घोषित कर दिया गया। देविका ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं गंवाया। उन्होंने हर मैच सीधे सेटों में जीता। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने टूर्नामेंट की नंबर-1 सीड सुपनिदा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। इस जीत के साथ देविका सुपर 300 खिताब जीतने वाली भारत की सिर्फ तीसरी महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नाम थी। देविका ने कहा-मैं बेहद खुश हूं क्योंकि यह मेरा पहला सुपर 300 खिताब है। मैंने यहां बहुत अच्छे मैच खेले और काफी कुछ सीखा है। मैं सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे आत्मविश्वास दिया।

- पाकिस्तान को 58 रन से हराया, वेदांत की फिफ्टी, आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल को 3-3 विकेट

# भारत अंडर-19 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचा



**बुलवायो (एजेंसी)।** भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने पाकिस्तान को 58 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे के बुलवायो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 252 रन का स्कोर खड़ा किया। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन की पारी खेली। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 253 रन का लक्ष्य 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 46.2 ओवर में 194 रन ही बना सकी।

**भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से–** अंडर-19 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। मैच 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे से हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। वहीं पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। मैच 3 फरवरी को दोपहर 1 बजे से बुलवायो में खेला जाएगा।

**वेदांत ने फिफ्टी लगाई–** वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया।

### प्लेयर ऑफ द मैच कनिष्क चौहान बने

भारत की जीत के हीरो कनिष्क चौहान रहे। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कनिष्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद बॉलिंग करते हुए उन्होंने 10 ओवर में एक मेडन फेंकते हुए 30 रन दिए। कनिष्क ने विकेटकीपर हमजा जुहूर को 42 रन पर आउट किया।

### हरियाणा का कनिष्क पाक के खिलाफ मैन ऑफ द मैच

## मां बोलीं- कहा था धुम्मे ठावेगा; आईपीएल भी खेलेंगे

हरियाणा में झज्जर के रहने वाले कनिष्क चौहान ने अंडर–19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। रविवार रात को कनिष्क के कुलाना गांव में आतिशबाजी की गई।जिम्बाब्वे में चल रहे वर्ल्ड कप मैच में रविवार को कनिष्क ने पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों पर 35 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। बेटे को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिलने के बाद मां ने कहा कि हमें तो पहले ही पता था कि वो धुम्मा ठावेगा (कुछ खास करके दिखाएगा)।9 फरवरी को कुलाना गांव में कनिष्क का स्वागत समारोह रखा गया है। इसी दिन रात को परिवार की तरफ से जागरण भी कराया जाएगा।कनिष्क चौहान ऑलराउंडर हैं। इस बार वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की




टीम में खेलेंगे। कनिष्क को आरसीबी ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइस में टीम में शामिल किया है।

- **मां बोलीं– बेटे की उपलब्धि पर गर्व–** कनिष्क की मां सरिता चौहान ने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि पर उन्हें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ कनिष्क चौहान ने दूसरी बार सही मौके पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। रात में बेटे से बात करने के बाद ही उन्हें नींद आई। बेटे ने जीत और खिताब मिलने की खुशी परिवार के साथ शेयर की।
- **पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी बार मैन ऑफ द मैच–** कनिष्क चौहान ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## व्यापार

# 1.71 लाख सस्ती हुई चांदी, सोना 40000 रुपये टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोमवार,2 फरवरी को भी चांदी की कीमतों में गिरावट जारी रही, जो पिछले दो दिनों से चली आ रही तेज मंदी का हिस्सा है। चांदी अब गुरुवार (30 जनवरी) को बने अपने रिकॉर्ड हाई 4,20,000 रुपये से 40 प्रतिशत से भी अधिक नीचे आ गई है। यानी करीब 1.71 लाख रुपये टूट चुकी है। इस गिरावट का कारण डॉलर का मजबूत होना और आज से सीएमई एक्सचेंज द्वारा बढ़ाई गई मार्जिन जरूरतें लागू होना है। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 6 प्रतिशत गिरकर 2,49713 रुपये प्रति किलोग्राम के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक बाजारों में सुधार देखा गया, जहां स्पॉट सिल्वर में 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी



आकर 84.140 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि एशियाई व्यापार के शुरुआती घंटों में इसमें लगभग 12 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोमवार के सत्र में एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे पिछले एक दशक से अधिक समय में आई सबसे तेज एक-दिन की गिरावट के बाद नुकसान और बढ़ गया।

एमसीएक्स सोना 1.5 प्रतिशत गिरकर 1,40,000 रुपये प्रति दस ग्राम के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। यानी ऑल टाइम हाई से करीब 40000 रुपये सस्ता हो गया है। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, स्पॉट गोल्ड एशियाई व्यापार के समय 4 प्रतिशत गिरने के बाद 1 प्रतिशत तक उभर आया। अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंच गई थीं, जिसने अनुभवी व्यापारियों को भी आश्चर्यचकित कर दिया था। जनवरी में यह रैली और तेज हो गई क्योंकि निवेशक भू-राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर होती मुद्राओं और फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता पर सवालों के बीच सोने-चांदी की ओर दौड़ पड़े।

चीन से अतिरिक्त सट्टेबाजी ने इस तेजी को और हवा दी। उच्च जोखिम प्रोफाइल के लिए, मार्जिन 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 8.8 प्रतिशत हो जाएगा। सिल्वर के फ्यूचर्स के लिए, गैर-उच्च जोखिम प्रोफाइल के लिए मार्जिन 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया जाएगा, जबकि उच्च जोखिम वाले खातों के लिए, यह आवश्यकता 12.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 16.5 प्रतिशत कर दी जाएगी। मार्जिन आवश्यकताओं में भी वृद्धि की जाने वाली है। सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट - कमोडिटी एंड करेंसी, जतिन त्रिवेदी ने कहा कि आगे चलकर, चांदी में अत्यधिक उतार-चढ़ाव बना रहने की संभावना है।

## 31वीं बार डिविडेंड दे रही है जिलेट इंडिया लिमिटेड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी भरकम डिविडेंड देने वाली कंपनियों में जिलेट इंडिया लिमिटेड का भी नाम आता है। कंपनी इस बार एक शेयर पर 180 रुपये का डिविडेंड दे रही है। इस डिविडेंड के लिए जो रिकॉर्ड डेट तय किया है वो इसी हफ्ते है। बता दें, कंपनी 31वीं बार निवेशकों को डिविडेंड देने जा रही है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में जिलेट इंडिया लिमिटेड ने बताया है कि 1 शेयर पर 120 रुपये का अंतरिम डिविडेंड और 60 रुपये का स्पेशल डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 4 फरवरी 2025, दिन बुधवार को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, कंपनी के इतिहास में यह दूसरी बार है जब इतना भारी भरकम डिविडेंड दिया जा रहा है। इससे पहले 2017 में जिलेट इंडिया लिमिटेड ने निवेशकों को एक शेयर पर 154 रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे पहले कंपनी अगस्त 2025 में एक्स–डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 47 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, कंपनी ने पहली बार निवेशकों को 2001 में एक शेयर पर 1.5 रुपये का डिविडेंड दिया था। पिछले एक हफ्ते में जिलेट इंडिया लिमिटेड को लेकर काफी चर्चा है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में इस दौरान 9.30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, इसके बाद भी एक साल शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक करीब 1 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। आज सोमवार को कंपनी के शेयरों में प्री ओपनिंग सेशन के दौरान एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

# विदेशों में पॉपर्टी खरीदी है तो आपके लिए बजट 2026 हुए हैं अच्छे प्रावधान

### विदेशी प्रॉपर्टी से आमदनी भारत में टैक्स लगेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय विदेशों में रियल एस्टेट में निवेश का चलन बढ़ा है। अब उद्योगपति या कारोबारी ही नहीं, प्रोफेशनल्स और नौकरीपेशा लोग भी विदेश में प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। इसके पीछे कई वजहें हैं, जैसे बच्चों की पढ़ाई विदेश में होना या फिर अपने पैसे को अलग-अलग जगहों पर लगाना ताकि रिस्क कम हो। इनके लिए इस बार के बजट में भी घोषणा हुई है। इस बारे में जानते हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट सी. कमलेश कुमार से।

अगर आप भारत के नागरिक हैं और विदेशों में प्रॉपर्टी खरीदते हैं, तो आपको आरबीआई की एलआरएस यानीदारीकृत प्रेषण योजना का पालन करना होगा। रिजर्व बैंक की इस स्कीम के तहत, कोई भारतीय किसी वित्तीय वर्ष में अधिकतम




2,50,000 ही विदेश भेज सकते हैं। ऐसा देखा गया है कि परिवार के सदस्य मिलकर अपने एलआरएस की लिमिट का इस्तेमाल कर लेते हैं। और फिर विदेश में एक प्रॉपर्टी खरीद लेते हैं। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि आप चाहें तो किश्तों में भी पेमेंट कर सकते हैं। लेकिन, हर बार भेजी गई रकम साल की लिमिट के अंदर होनी चाहिए। साथ ही यह ट्रांसफर बैंकिंग चैनल से ही होना चाहिए। दरअसल,विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के नियमों का पालन करने के लिए सही कागजात रखना बहुत जरूरी है। अब आपके मन में सवाल उठता होगा कि जब विदेशों में प्रॉपर्टी खरीदी है तो उससे कुछ आमदनी भी होगी। उस पर कराधान के नियम क्या हैं। तो आप जान लें कि विदेश में खरीदी गई प्रॉपर्टी से होने वाली कमाई, भारत में रहने वाले लोगों के लिए यहां टैक्सेबल (कर योग्य) होती है।

## 5 साल में 870 प्रतिशत रिटर्न

# छोटे से शेयर में 5 प्रतिशत के अपर सर्किट का क्या है राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैदराबाद की छोटी सी कंपनी एमआइसी इलेक्ट्रॉनिक्स ने दिसंबर 2025 तिमाही के मिले-जुले नतीजे दिए हैं। कंपनी का कुल रेवेन्यू पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले लगभग 668 प्रतिशत बढ़कर 90.23 करोड़ रुपये हो गया। पिछली तिमाही (सितंबर 2025) की तुलना में भी यह 138 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि, मुनाफे पर दबाव बना हुआ है। नेट प्रॉफिट 13.36 प्रतिशत घटकर 1.88 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल और पिछली तिमाही दोनों की तुलना में कम है। रेवेन्यू में भारी बढ़ोतरी के बावजूद, कंपनी के मार्जिन सिकुड़ गए हैं। ऑपरेटिंग मार्जिन पिछली तिमाही के 10.06 प्रतिशत से घटकर 4.40 प्रतिशत रह गया है। नेट प्रॉफिट मार्जिन भी 5.73 प्रतिशत से घटकर 2.08 प्रतिशत पर आ गया है, जिससे इस विकास की टिकाऊपन पर सवाल उठ रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)